MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS — *Contd.*

श्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, राष्ट्रपति जी ने 31 जनवरी को अपना अभिभाषण दिया। मई, 2014 में सत्ता परिवर्तन के बाद यह उनका चौथा अभिभाषण था, इसलिए स्वाभाविक है, भारत के लोगों की यह अपेक्षा है कि सरकार अपने कार्यकाल का, जिसके 34 महीने होने जा रहे हैं, उसका लेखा-जोखा देगी, उसका हिसाब बताएगी, पर यह अभिभाषण भी पहले के तीन अभिभाषणों की तरह वायदों और घोषणाओं से भरा हुआ है। इसमें कोई रोशनी नहीं दिखाई दे रही है, केवल सरकार के दावे हैं। सरकार ने यह बताने की चेष्टा नहीं की कि उपलब्धियां क्या हुई हैं। 2014 में, मैं याद दिलाना चाहता हूँ, जब यह सरकार आई थी, तो यह वायदों की सूनामी पर आई थी, हिन्दुस्तान के लोगों को सब्ज़बाग और सपने दिखा कर आई थी। आपने हिन्दुस्तान के किसान के साथ रोजगार का वायदा किया था, आपने MSP बढ़ाने की बात कही थी, आपने महिलाओं की सुरक्षा की बात की थी, आपने 100 Smart Cities बनाने की बात की थी। सूची बड़ी लंबी है, मैं सब बातें नहीं दोहराना चाहता, हमारे साथी, सदन के और लोग उस पर कह चुके हैं। मेरा प्रश्न है कि जब प्रधान मंत्री जी उत्तर दें, तो बताएँ कि आपका एक साल में दो करोड़ रोजगार देने का वायदा था, ढाई साल में 5 करोड़ रोजगार हो जाने चाहिए थे। जमीनी हकीकत अलग है। उपसभापति महोदय, रोजगार टूटे हैं, रोजगार पैदा नहीं हुए हैं। ये लाखों में टूटे हैं और अब करोड़ों में टूटे हैं। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता।

आपका दूसरा वायदा था किसान की MSP बढ़ाने का, उसका क्या हुआ? आपने उसे क्यों नहीं बढ़ाया? खास तौर पर जब आप खुद कहते हैं कि दो साल तक सूखा रहा, बुवाई नहीं हुई, फसलें खराब हो गईं। भारत के संपन्न राज्यों के अन्दर किसान आत्महत्याएँ कर रहे हैं। पंजाब जैसे सूबे में किसान आत्महत्या कर ले! हरियाणा में चले जाइए, आत्महत्या, आंध्र प्रदेश में, महाराष्ट्र में और प्रधान मंत्री कहते हैं सब अच्छा है! ये आपके अच्छे दिन हैं! तमिलनाडु, भारत का कोई राज्य नहीं छूटा। आपके हृदय में कोई संवेदना नहीं है। आप उनकी पीड़ा को नहीं समझना चाहते हैं। आप केवल वाहवाही लूटना चाहते हैं, बिना कोई काम किए, बिना कोई रिजल्ट दिखाए। यह मेरा आपसे सीधा प्रश्न रहेगा।

एक वायदा आपका बड़ा वायदा था। प्रधान मंत्री कोई मौका नहीं छोड़ते, जब भ्रष्टाचार और काले धन की बात न करते हों, ब्लैक मनी की बात न करते हों। कल भी कहा, रोज कहते हैं, जरूर कहें, किसने उनको रोका है? पर वायदा तो उनका था कि विदेशों में 1,86,000 करोड़, यह calculation किसने की, मुझे नहीं मालूम, इनके बीजेपी की कोई टास्क फोर्स बनी थी। ...(**व्यवधान**)... टोका-टोकी मत करिए। *, उन्होंने इतनी बड़ी संख्या बताई, समझ में नहीं आया, संख्या सुन कर दिमाग घूम गया और कहा कि पैसा वापिस आएगा और हर हिन्दुस्तानी के खाते में कम से कम 15 लाख रूपए जमा कराऊँगा। ...(**व्यवधान**)... आप क्यों बोलते हैं? ...(**व्यवधान**)... सर, ये मेरा समय खराब कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप लोग टोका-टोकी मत करें। ...(**व्यवधान**)... छोड़िए, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... सर, अगर ये मेरा समय खराब करेंगे, तो उसे मेरे समय से काट दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः ठीक है, ठीक है। आप बैठिए, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री आनन्द शर्माः इस पर प्रधान मंत्री बोलेंगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापतिः आप बैठिए, आप बैठिए। The Prime Minister would reply. Don't worry. ...(*Interruptions*)...

श्री आनन्द शर्माः माननीय उपसभापति महोदय, आपके माध्यम से सत्ता पक्ष से मेरा एक विनम्र निवेदन है कि आपके सक्षम, मजबूत प्रधान मंत्री इस पर बोलेंगे, तो आप क्यों बीच में टोका-टोकी करते हैं? उनको आ जाने दीजिए, वे जवाब दे देंगे। ...(**व्यवधान**)...

विधि और न्याय मंत्री; तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): सर, इन्होंने * का नाम लिया है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. The name * is expunged.

श्री आनन्द शर्माः नाम मैंने नहीं लिया है, वहां से आया है। मैंने दोहराया, यह आया वहां से। चलिए, छोड़िए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is okay.

श्री आनन्द शर्माः सर, मुझे आपके माध्यम से यह कहना है कि इस अभिभाषण के अन्दर और प्रधान मंत्री हर भाषण के अन्दर प्रभावशाली, वजनदार शब्दों का प्रयोग करते हैं। सत्ता में आने से पहले उन्होंने अपना दर्शन दिखाया। 5 Ts - tradition, technology, talent, tourism and trade. मुझे इसमें कोई नई चीज़ नहीं पता लगी है, क्योंकि सब चीज़ें सदियों से हो रही हैं। पर्यटन भी सदियों से हो रहा है, व्यापार भी हो रहा है और परम्पराएं भी सदियों पुरानी हैं। चलिए, मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है, यह उनकी सोच है। उसके बाद उन्होंने तीन 'Ds' बताए – Democracy, Development and Demography. ये तीनों हमको पहले ही पता थे। पूरे देश और पूरी दुनिया को पता है कि हिन्दुस्तान की जनसंख्या कितनी है और कितने लोग 35 बरस की उम्र के नीचे के हैं। भारत प्रजातंत्र है, यह सबको पता है और हर देश development चाहता है, यह भी सबको पता है, लेकिन धन्यवाद, आपने हमें पांच 'Ts' और तीन 'Ds' दे दिए। उसके बाद यह सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता। 'Stand-up India' दिया, क्या अभी तक भारत सो रहा था? 'Start-up India' दिया, क्या हिन्दुस्तान की गाड़ी बंद हो गई थी? 'Digital India', 'Techindia' ...(*Interruption*)... देखिए, आप बीच में मत बोलिए।...(**व्यवधान**)... आप सुनिए।

मेरा फिर आपसे आग्रह है कि आप सुनिए। प्रधान मंत्री में तो सहनशीलता नहीं है, आप तो सहनशीलता रखिए। मुझे आपसे यह कहना है कि ये सारे के सारे शब्द अंग्रेज़ी के हैं, इनका जो विज़न है, वह हिन्दी या संस्कृत में नहीं है। तीन 'Ds', पांच 'Ts' के बाद 'Digital India', 'Stand-up India', 'Start-up India', 'Techindia', ये सब अंग्रेज़ी में हैं। भारत में तो technology की क्रांति पहले ही आ चुकी थी। सबसे पहले इसके बारे में श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने सोचा था और श्री राजीव गांधी जी इसको आगे लेकर चले थे। Information Technology के मंत्री महोदय यहां बैठे हुए हैं, आप राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव लाए हैं, आपको मालूम ही है कि यहां पर Technology Mission पहले ही कायम हुए थे। उस वक्त हिन्दुस्तान के अंदर हड़ताल हुई थी, 'भारत बंद' की आवाज़ उठी थी, इन सब बातों के बारे में सारा सदन जानता है। तब

* Expunged as ordered by the Chair.

[श्री आनन्द शर्मा]

तो right, left और center एक साथ हो गए थे कि राजीव गांधी जी यहां से नौकरियों को खत्म कर देंगे, बैंकों में केवल कंप्यूटर काम करेंगे। ...(**व्यवधान**)... उस वक्त तो वह नहीं हुआ था, पर अब वे हालात जरूर पैदा होंगे, जो आप करने जा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

मुझे एक चीज़ गंभीरता के साथ कहनी है। देश आगे बढ़ेगा तो भारी भरकम शब्दों से नहीं बढ़ेगा, वह बड़ी सोच से बढ़ेगा, नीति से बढ़ेगा, रूपरेखा से बढ़ेगा। मैंने दुनिया के अंदर कभी कोई बड़ा परिवर्तन महज शब्दों से होते हुए नहीं देखा है।

उपसभापति जी, एक बात और है, जिसे हम हर रोज़ सुनते हैं, वह मानसिकता का प्रश्न है। वह मानसिकता क्या है, — 'पहली बार भारत में यह हो रहा है'। पहली बार विश्व के अंदर भारत का सम्मान हो रहा है, पहली बार भारत की पहचान हो रही है, पहली बार भारत की प्रगति हो रही है, पहली बार भारत का व्यापार बढ़ रहा है, हालांकि सच यह है कि व्यापार टूट गया है। यह मानसिकता कोई स्वस्थ मानसिकता नहीं है। अब आपमें से किसी को मैं कष्ट तो नहीं देना चाहता कि प्रधान मंत्री से कहिए कि वे इस बात को बोलना बंद कर दें, पर हम तो कह सकते हैं, क्योंकि हम तो प्रतिपक्ष के लोग हैं। हम रोज़ उनकी गाली सुनते हैं, इसलिए हम इतना निवेदन तो कर ही सकते हैं कि इन सब चीज़ों के लिए 'पहली बार' शब्द का प्रयोग मत कीजिए। पहले भी बहुत कुछ हो चुका था।

कल हमारे सदस्यों ने बताया, वहां कहा गया कि हिन्दुस्तान अंतरिक्ष शक्ति बन गया है, परमाणु शक्ति बन गया है, लेकिन हिन्दुस्तान पहले ही अंतरिक्ष शक्ति और परमाणु शक्ति बन चुका था। इन्दिरा गांधी जी के समय में पोखरण का विस्फोट हुआ था। 1975 में आर्यभट्ट अंतरिक्ष में चला गया था। भारत स्पेस शक्ति बने ...(**व्यवधान**)... हम उसके बाद की बात भी आपको बताएंगे, आप बीच में ऐसा क्यों करते हैं? ...(**व्यवधान**)... पहले ही वह शक्ति बन चुका था। आप इसको स्वीकार नहीं करते हैं कि हिन्दुस्तान कहां तक पहुंच चुका था। कल चंद्रयान का जिक्र हुआ, मंगलयान का जिक्र हुआ। माननीय प्रधान मंत्री जी, प्रधान मंत्री बन गए, इस पर इन्होंने बड़ी तालियां बजाईं, अच्छा किया। बेहतर होता आप यह स्वीकार कर लेते कि हिन्दुस्तान को Stand-up या wake-up होने की जरूरत नहीं है, पहले ही वह चल रहा था और तभी आज यहां तक पहुंच गया है, लेकिन आपने यह बात नहीं कही, आपने यह विनम्रता नहीं दिखाई, यह दरियादिली नहीं दिखाई।

मुझे एक चीज़ कहनी है। यह सही है कि आपकी सरकार ने कुछ पुराने इनिशिएटिव्स को आगे बढ़ाया है, जैसे 'आधार' है। यहां से वहां जाने के बाद आपका हृदय परिवर्तन हुआ है। जब आप यहां थे, तब तो 'आधार' गलत था, Direct Benefit Transfer (DBT) गलत था। आप ही उस समय यह कहते थे, लेकिन आज ठीक है, आज आप ही उसको आगे बढ़ा रहे हैं।

'स्वच्छ भारत अभियान' एक अच्छा काम है। इक्कीसवीं सदी में भारत में स्वच्छता न हो, तो यह हमारा दुर्भाग्य होगा, लेकिन एक जमीनी हकीकत यह भी है कि पहले भी यह अभियान था, जिसका नाम 'निर्मल भारत अभियान' था, जिसका नाम बदल कर आपने 'स्वच्छ भारत अभियान' कर दिया है। जन-धन खाते खुलवाने के लिए आपको बधाई। उससे पहले जब माननीय राष्ट्रपति जी, वित्त मंत्री थे, उसके बाद श्री पी. चिदम्बरम जी थे, तो उन्होंने, जिसे चिदम्बरम जी 'no frills account' कहते हैं, जिसे Basic Account Deposit Scheme भी कहते हैं, उसमें 13 करोड़ खाते

खुले थे। ...(**व्यवधान**)... अच्छा हुआ है। देखिए, अगर आप ऐसा करें, तो ठीक नहीं है। उसमें भी खुले थे। आपके समय में भी 26 करोड़ खुले हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसादः वह अंग्रेजी में था। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः आपके समय में भी 25-26 करोड़ एकाउंट खुले हैं। इस बारे में राष्ट्रपति के अभिभाषण में जिक्र है, लेकिन सच्चाई यह है कि इनमें से 80 परसेंट या शायद इससे ज्यादा dead accounts हैं, ज़ीरो बैलेंस एकाउंट्स हैं, जिसके नाम पर खाता है, उसे नहीं पता। ...(**व्यवधान**)... देखिए, नया मुल्ला कभी-कभी नमाज़ ज्यादा पढ़ता है। मेरे दोस्त रहने दो। ...(**व्यवधान**)... रहने दो, यह ज्ञान अपने पास रखो। ... (**व्यवधान**)... ठीक है। ...(**व्यवधान**)... Sir, the Minister is interrupting. He should be asked to conduct himself as a Minister.

THE MINISTER OF STEEL (SHRI CHAUDHARY BIRENDER SINGH): He should also not give the wrong figures. If he does not have the correct figures, he should not quote them. ...(*Interruptions*)...

श्री आनन्द शर्माः भैया, इससे कुछ नहीं होता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री चौधरी बीरेंद्र सिंहः भैया कुछ नहीं होता है। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः यदि भैया कुछ नहीं है, तो जब प्रधान मंत्री आएं, तब आप मुझे टोकना, तो वे आपको अच्छा पोर्टफोलियो दे देंगे। जब वे आ जाएं, तब बात करना। ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति महोदय, पहले तो आप ये नोटिस लें कि मंत्री महोदय व्यवधान डाल रहे हैं, उन्हें रोकें। दूसरी बात यह है कि जो मेरा ये समय काट रहे हैं, वह समय मैं ज्यादा लूंगा, यह मेरा आपसे आग्रह है।

सर, अब मुझे एक बात कहनी है कि अगर प्रधान मंत्री विनम्रता और शालीनता से विपक्ष से और सबसे बात करें, सबकी बात सुनें, तो उससे उनके पद की गरिमा बढ़ेगी। दम्भ और अहंकार से, गुस्से और डांटने से, इतने बड़े पद की गरिमा बढ़ती नहीं, बल्कि कम होती है।

महोदय, अभिभाषण में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई गई है। मैं पैरा 79 का जिक्र करता हूं। इस पैरा के प्रारम्भ में और आखिर में भी कहा गया है कि 'सबका साथ और सबका विकास', 'चर्चा, संवाद, समन्वय, संवेदना'। मैं इन सबका समर्थन करता हूं। कौन नहीं चाहता कि सबका साथ हो, सबका विकास हो, कौन नहीं चाहता कि चर्चा और संवाद न हो। यह तो हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है। वाद, विवाद और संवाद होता है। यह कोई नई बात नहीं है और हम सब इसके पक्ष में हैं। यह हम सबको करना चाहिए, भले ही हमारी अलग-अलग राय हो, लेकिन मुझे दुख के साथ यह कहना है कि आपकी सरकार की सोच और काम करने का तरीका, इसके बिलकुल विपरीत है।

महोदय, प्रधान मंत्री जी ने अपने से पूर्व प्रधान मंत्रियों के योगदान को और उनकी सोच को स्वीकार नहीं किया है। बेहतर होता, उनके काम को छोटा न दिखाते, नगण्य न दिखाते और यह स्वीकार करते कि मेरे से पहले और भारत की आज़ादी के बाद, जितने प्रधान मंत्री रहे, वे भी देश के प्रति समर्पित थे और उन्होंने भी देश के लिए काम किया। पं. जवाहरलाल नेहरू, मुझे मालूम है कि आप उनका नाम स्वीकार नहीं करना चाहते, लेकिन हकीकत यह है कि वे स्वतंत्रता

[श्री आनन्द शर्मा]

संग्राम की अग्रिम पंक्ति में खड़े थे। अंग्रेजों की जेल में सबसे ज्यादा समय पं. जवाहरलाल नेहरू ने काटा था। उनके 125 साल हुए, लेकिन आपने उनका नाम नहीं लिया। यह इतिहास का सम्मान नहीं है। वे तो आपसे सम्मान मांगने नहीं आ रहे हैं। आपसे उनके लिए सम्मान मांगने कोई नहीं आ रहा है। वे तो अपनी कुरबानी कर के दुनिया से चले गए।

महोदय, इसलिए मैं कहता हूं कि पं. जवाहरलाल नेहरू, लालबहादुर शास्त्री, श्रीमती इंदिरा गांधी जी, जिन्होंने हिन्दुस्तान के लिए शहादत दी, क्या कोई इस बात से इंकार कर सकता है? उसके बाद कई प्रधान मंत्री आए। कई दलों के आए। श्री राजीव गांधी प्रधान मंत्री रहे। मैंने उनका ज़िक्र किया। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी रहे, डा. मनमोहन सिंह जी रहे। क्या हो जाता, यदि ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसादः श्री नरसिंहराव जी भी थे।

श्री आनन्द शर्माः श्री नरसिंहराव जी भी रहे। मुझे उनका नाम याद दिलाने के लिए धन्यवाद। उस समय आर्थिक सुधार हुए थे। वह उनका युग था, लेकिन मैं कह रहा हूं, आपने मुझे याद कराया, परन्तु दुख तो इस बात का है कि मुझे श्री अटल बिहारी वाजपेयी, प्रधान मंत्री जी का नाम आपको याद कराना पड़ रहा है।

श्री रवि शंकर प्रसादः नहीं, वे तो हमारे पास हैं।

श्री आनन्द शर्माः क्या इन सब प्रधान मंत्रियों की कोई उपलब्धि नहीं थी ? मुझे आज आपसे एक चीज कहनी है और उसे आप गौर से सुनें। पिछले साल इंदिरा जी पर एक टिप्पणी हुई। पहले वह टिप्पणी हुई थी प्रधान मंत्री जी द्वारा 19 नवंबर को, जिस दिन इंदिरा जी की anniversary थी, उनकी सालगिरह थी और वह भी 100वीं। उन्होंने demonetization के संबंध में, भ्रष्टाचार के संबंध में कहा कि इंदिरा जी इसके खिलाफ थीं और 1978 में या उससे पहले जब माननीय वाई. बी. चव्हाण जी वित्त मंत्री थे, 1978 में तो आपकी सरकार थी। ...(**व्यवधान**)... 1971 में बंगलादेश आजाद हुआ था, उसे याद करते तो बेहतर होता। इंदिरा जी के पास जब तत्कालीन वित्त मंत्री, श्री वाई. बी. चव्हाण गए - He went with his proposition कि demonetization कर लें, लेकिन इंदिरा जी ने कहा नहीं, बिल्कुल गलत, क्या हमें आगे चुनाव नहीं लड़ना? अब वे दोनों तो स्वर्गवासी हो चुके हैं, इंदिरा जी भी चली गईं और वाई. बी. चव्हाण जी भी नहीं रहे, लेकिन लिखा हुआ किसका है, प्रधान मंत्री जी जरा गहराई से सोचिए, गम्भीरता से, जो उस वक्त के वित्त मंत्री के Executive Assistant थे। मैंने कभी नहीं सुना, हम भी सरकार में रहे हैं, कैबिनेट मिनिस्टर रहे हैं, हम भी अपने प्रधान मंत्री से मिलने जाते थे, क्या इंदिरा गांधी जी से उनके वित्त मंत्री मिलने जाएं तो क्या इंदिरा गांधी जी उस बैठक में Finance Minister के Assistant को भी साथ में बिठाएंगी? मैं आपसे सवाल करता हूं। आप सब कैबिनेट मिनिस्टर्स हैं। आप प्रधान मंत्री, नरेंद्र मोदी जी से मिलने जाते हैं। वे आपसे बात करते हैं, आप उन्हें अपनी बात बताते हैं, क्या आपके पी.ए. या पी.एस. भी साथ में पी. एम. से मिलने जाते हैं — यह मेरा आपसे सवाल है। केवल उसे आधार बनाकर इतनी बड़ी बात करना ...(**व्यवधान**)... इतनी बड़ी टिप्पणी करना ...(**व्यवधान**)... यह बड़े दुःख का विषय है।

अब मुझे उससे आगे चलकर...(**व्यवधान**)... मुझे तो कुछ क्षण का समय मिलता है, उधर तो सारा समय रहता है। मुझे प्रधान मंत्री जी के लिए कहना है, वह तो आएंगे नहीं, आप उन्हें बता देना, सुना देना किः—

"तुम्हारी शान बढ़ जाती, यह रूतबा बढ़ गया होता,
कहा जो अपनी शान में, किसी और की शान में भी कहा होता।"

...(**व्यवधान**)... मुझे आपसे कहना है कि जहां आप संवाद की बात करते हैं, सहमति की बात करते हैं, सबके साथ की बात करते हैं तो आपकी मानसिकता विपक्ष को बदनाम करने की रहती है। आपकी मानसिकता टकराव की होती है। आप कोई मौका नहीं चूकते। देश में, विदेश में, जहां भी जाते हैं, विपक्ष को बदनाम करते हैं। अपने से पूर्व सरकारों की बुराई करते हैं और प्रताड़ित करते हैं। हमने कई बार आग्रह किया कि कम-से-कम देश के बाहर तो ऐसी बातें बंद कर दीजिए। पहले तो मई, 2014 के बाद ही यह बंद हो जाना चाहिए था। आपकी सरकार बन गई, अब इस बात को खत्म करें, परन्तु आपने एक ऐसी गलत परम्परा डाल दी है, अच्छा समझकर, लोगों को गुमराह करने के लिए तो अच्छा है, परन्तु भारत के प्रजातंत्र के स्वास्थ्य के लिए यह परम्परा अच्छी नहीं है। आप बात भी बड़े गज़ब की कहते हैं।

अभी 5 राज्यों में चुनाव हो रहे हैं। चुनाव प्रचार में सब जाते हैं, हम भी जाते हैं, प्रधान मंत्री जी भी रोज़ जाते हैं और रोज़ जाएं। वहां बड़े जोश से बोलते हैं और खूब बोलें, परन्तु उन्होंने कहा कि जो विरोधी हैं, वे स्कैम हैं। नए शब्द बनाने में शायद उन्हें आनन्द आता है, अच्छे लगते हैं, जैसा मैंने पहले कहा — 3 डी, 5डी आदि — सब कुछ है, लेकिन क्या एक राजनैतिक दल, समाजवादी पार्टी, जिसकी यू.पी. में सरकार है, सी फॉर कांग्रेस, जिसने हिन्दुस्तान की आजादी का संघर्ष लड़ा, कुर्बानियां दीं और आजादी के बाद हमारे दो-दो प्रधान मंत्री शहीद हुए, तीसरा कौन — एक मुख्य मंत्री और चौथी एक पूर्व मुख्य मंत्री, जो दलित हैं, इन सबको देश के प्रधान मंत्री जी ने क्या परिभाषा दी — स्कैम। कोई और कहता तो मुझे आपत्ति नहीं थी। उनके लिए ऐसा कहना, ऐसी भाषा, ऐसी शैली का प्रयोग करना, मैं इसकी निन्दा करता हूं। यह अच्छी बात नहीं है कि इस तरह से प्रजातंत्र में विरोध पक्ष को आप अपमानित करें। कलंकित करने, बदनाम करने का कोई मौका आप नहीं छोड़ते हैं। यह दिखाना कि समूचा विपक्ष भ्रष्ट है, काले धन का समर्थक है, केवल आप, भारतीय जनता पार्टी और आपके माननीय प्रधान मंत्री, आप साधु-संत समाज हैं, सारे बुरे लोग इस तरफ बैठे हुए हैं। मेरा आपसे सवाल है, काले धन के खिलाफ हिन्दुस्तान में लड़ाई चल रही है, खूब चले, पर जनाब, इनके पास जो प्रचंड साधन हैं, प्रचार-तंत्र हैं, वह पैसा जो खर्च होता है, बड़ी-बड़ी रैलियों के लिए हजारों बसें जाती हैं, हेलिकॉप्टर चलते हैं, जहाज चलते हैं, यह कौन-से फकीर बैंक से पैसा आ रहा है, कौन-से पवित्र कुंड से यह पैसा आ रहा है, कौन-से चेक से यह पेंमेंट हो रही है? ज़रा हिन्दुस्तान को बताओ तो! पता तो लगे असली बात! हम तो चाहते हैं, अब थक गए और कहना बन्द कर दिया, लेकिन कभी आएँ, सुनें और फिर उसका जवाब दें, पर वह आपको स्वीकार्य नहीं है।

उपसभापति महोदय, मुझे यह कहना है कि यह दिखाना कि केवल यह सरकार जवाबदेही और पारदर्शिता चाहती है, transparency and accountability, this is wrong, and I reject it. आपकी सरकार का पहला अभिभाषण वर्ष 2014 का था, जिसमें आपने कहा था कि लोकपाल बनेगा। वह लोकपाल कहां है? 130 करोड़ लोगों के देश में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं मिला जिसको

[श्री आनन्द शर्मा]

लोकपाल बना दो! कानून तो हमने बनाया था, बुरे तो हम हैं। आरटीआई हम लाए थे, उसको dilute ये कर रहे हैं। इस देश में Money Laundering Act भी बना। यह कहना कि आज से पहले कुछ हुआ ही नहीं, पहली बार हो रहा है! पहली बार यह भी हुआ कि इन्होंने यह वर्ष 2014 में कहा और अब तीन बरस होने जा रहे हैं, मगर हिन्दुस्तान अभी भी लोकपाल की तलाश कर रहा है कि कहां गए लोकपाल? आज प्रधान मंत्री आकर इस पर ज़रा बताएँ, जवाब दें।

महोदय, प्रजातंत्र में विचार अलग-अलग हैं, मत अलग-अलग हैं, विचारधाराएँ अलग हैं। राजनैतिक विरोध होता है, विचारधाराओं का टकराव होता है, व्यक्तियों का टकराव नहीं होना चाहिए। राजनैतिक विरोधी को निजी शत्रु मानना, यह गलत बात है, पर प्रधान मंत्री कहते हैं। भारत की तस्वीर इससे सुधरेगी नहीं कि हम एक-दूसरे को शत्रु के रूप में देखना शुरू कर दें। चुनाव में होता है और कई बार ऐसा भी होता है कि जब प्रधान मंत्री बोलें, तो उनका एक-एक शब्द देश और दुनिया सुनती है। उन्होंने कल कह दिया, उत्तराखंड के भूकम्प की याद दिलाई कि उत्तराखंड में भूकम्प आ गया। चाहे उन्होंने मज़ाक के लहजे में बोला, पर वह अच्छा मज़ाक नहीं था। ...(**व्यवधान**)...

श्री चौधरी बीरेंद्र सिंहः नुकसान तो कुछ हुआ नहीं? ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः देखिए, ये बार-बार बोल रहे हैं। या तो ये बोल लें या मैं बोल लूँ। अभी वे आ जाएँ, तब टोका-टोकी करो, आपका पोर्टफोलियो बदलेंगे। ...(**व्यवधान**)... मुझे यह कहना है कि उन्होंने कांग्रेस के वाइस प्रेजिडेंट, राहुल गांधी जी के बारे में कहा। अब इससे एक चीज़ पता लगती है कि राहुल गांधी जी का नाम इनको रोज़ याद आता है और वे रोज़ बोल रहे हैं। यह अच्छी बात है, मैं धन्यवाद करना चाहता हूँ, पर एक बात की निन्दा करूँगा। उत्तराखंड के लोगों को भूकम्प की याद मत दिलाएँ, उत्तराखंड में हज़ारों लोग मरे थे, उत्तराखंड में सैकड़ों मन्दिर टूटे थे, वहां लोग बह गए थे और उस उत्तराखंड को सम्भालने में वर्षों लग गए। कटाक्ष करते हुए हम राजनैतिक सम्वाद को इतना न गिराएँ कि लोगों की भावनाओं को ठेस पहुँचे, उनको पीड़ा हो। यह आप मत करें और आगे से ऐसा न कहें। उपसभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि देश के प्रधान मंत्री जब भी कहीं बोलें, तो थोड़ी-सी शालीनता रखें और सम्वेदनशील रहें कि इसमें लोगों की क्या भावनाएँ जुड़ी हैं। इसको ध्यान में रखें, तो बेहतर होगा।

प्रधान मंत्री ने एक और चीज़ कही कि मुझसे विपक्ष डरता है। आपसे पूरा देश डरता है। ...(**व्यवधान**)... आपने कहा कि विपक्ष को मुझसे डर लगता है। ...(**व्यवधान**)... अब वे यहां आएँ, आप उनको बुलाएँ। ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसादः ऐसा कब कहा? ...(**व्यवधान**)...

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख्तार अब्बास नक़वी): शर्मा जी, आप ऐसी बात मत कहिए, जिसमें न कोई तर्क हो, न तथ्य हो। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः ऐसा उन्होंने यूपी की एक रैली में कहा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री रवि शंकर प्रसादः रैली का ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः मैं आपको न्यूज़पेपर की कटिंग दे दूँगा, वह मेरे पास है। यह परसों के "बिजनेस स्टैंडर्ड" में एक पूरे बॉक्स में छपा है कि प्रधान मंत्री ने कहा, "विपक्ष को मुझसे डर लगता है।" भाई, मान लिया आपसे डर लगता है, क्योंकि आप सारी एजेंसीज़ का दुरूपयोग करते हो। सीबीआई का, ईडी का, कुछ छोड़ा नहीं आपने। आपसे डर किस को नहीं लगता? आप जब भी मुंह खोलते हैं, गुस्से की बात करते हैं, पर आप सब भी मानेंगे नहीं, हम विपक्ष में बोल तो लेते हैं, लेकिन आपके साथ भी वही हो रहा है। मैं क्या बोलूं आपको, आप समझें या न समझें, वह अलग बात है।

उपसभापति महोदय, 8 नवम्बर के दिन रात के समय हिन्दुस्तान के प्रधान मंत्री ने एक बड़ी नाटकीय घोषणा की । 86 प्रतिशत भारत की करेसी 15 लाख करोड़ रूपया रद्द कर दिया। क्या कह कर किया? यह कहा कि आज के बाद यह रद्दी का कागज का टुकड़ा है। इसके क्या कारण दिए, तीन कारण हैं, काले धन को समाप्त करना है, नकली नोट या counterfeit currency करेसी को खत्म करना है और टैरर फंडिंग को समाप्त करना है। हमने भी सत्य कहा कि तीनों काम अच्छे हैं। हम भी चाहते हैं कि काले धन को खत्म करो, भ्रष्टाचार को खत्म करो, counterfeit currency खत्म करो और टैरर फंडिंग खत्म करो। लेकिन ये तीनों बातें गलत निकलीं। पहले 86 प्रतिशत पैसा 15 लाख करोड़ जो भारत के किसान का था, मजदूर का था, कर्मचारी का था, गृहिणी का था, रेहड़ी-खोमचे वाले का था, छोटे दुकानदार का था, हिन्दुस्तान की जनता के पैसे को आपने काले धन के खिलाफ लड़ाई कह कर पूरे देश की जनता को कलंकित किया। क्या भारत का अर्थतंत्र काले धन पर चलता था? पूरी दुनिया में क्या संदेश गया? प्रधान मंत्री जी, क्या हिन्दुस्तान, जो बड़ी इकोनॉमी है, जो आगे बढ़ रहा है, वह काले धन पर आगे बढ़ रहा है, सब लोगों के पास काला धन है? जो गरीब का पैसा पांच सौ रूपया, एक हजार रूपया आपने उसको खत्म किया और आप यह नहीं हिसाब देते कि उसमें से कहां गया वह पैसा, कितना पैसा वह वापस आया? 30 दिसम्बर को आपने नोट की बदली खत्म कर दी थी। अब 30 दिसम्बर के बाद आज तक गिनती हो रही है। You want India to become digital! The Finance Minister has also come. Kindly enlighten us – and the Prime Minister should – on how much time would this land of Aryabhata and Bhaskara take to count the currency, which has come back. Today, it is exactly three months after that disastrous decision, which you are celebrating, but which India is not. You feel that that was the best thing to be done. पीएम ने यह बात कही थी और आपने कही थी counterfeit currency के बारे में इसी सदन में, इसी संसद में अगस्त महीने में कि counterfeit currency 0.02 प्रतिशत है, चार सौ करोड़। चार सौ करोड़ के लिए 15 लाख करोड़ रद्द कर दिया। कैसा कागज का टुकड़ा कहा? बहुत अच्छी बात कही। मुझे एक बात पूछनी है कि कितना पैसा उस 15 लाख करोड़ में से counterfeit था, कितना पैसा उसमें से terrorist के पास था? हकीकत यह है कि आपने पांच सौ रूपया और हजार का नोट काटा, वह भी ब्लैक मनी के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए और दो हजार का नोट ले आए, जिसका टूटा नहीं मिलता। पांच सौ का नोट, सौ का नोट, पचास का नोट, बीस का नोट वह है नहीं, छापा नहीं। वित्त मंत्री जी, मुझे अफसोस है, मैं इनका बड़ा सम्मान करता हूं और इनके प्रति शुभकामनाएं भी रखता हूं कि आपने कल इस सदन के अंदर यह कहा कि एक भी दिन के लिए कोई कैश की शॉर्टज नहीं थी। तो हिन्दुस्तान के औसतन जो 11 करोड़ आदमी रोज खड़े होते थे एटीएम और बैंक के बाहर गुहार लगाते थे, भीख मांगते

[श्री आनन्द शर्मा]

थे कि हमारा पैसा हम को दे दो, जो उनको नहीं मिला। यह उनको पूरी दुनिया ने देखा, पूरे देश ने देखा, तो क्या वह शॉर्टज नहीं थी? शायद उन लोगों के पास शॉर्टज नहीं थी जिनके पास bank vault से पिछले दरवाजे से सीधा पैसा जाता था। क्यों लोगों के पास दसियों करोड़ रूपया मिला? कैसे गया वह पैसा? आप कहते हैं कि आपकी सरकार के समय कुछ गलत नहीं हुआ, मैं इसको ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have to conclude it now.

SHRI ANAND SHARMA: I have some important issues to raise, Sir. Please. This is the only time when we get heard, Sir. Please. I respect you, Sir, and I urge you. I will conclude it. इनसे मुझे पूछना है कि terror funding की बात तो छोड़ दीजिए, terrorists के पास दो हज़ार के नए नोट मिले – करोड़ों में मिले, बांदीपुरा में मिले, और जगह पर भी मिले। पिछले सप्ताह बंगलादेश में 2,000 रूपए के नोटों की एक बड़ी चेस्ट पकड़ी गयी, जो counterfeit हैं। तो आपने counterfeit रोक लिया – बंगलादेश में छप गए, terrorists के पास पहुंच गए। Counterfeit Currency दुनिया के सभी देशों में हो जाती है। अमेरिका का जो डॉलर है, सबसे ज्यादा उसकी नकल बन जाती है। क्या उन्होंने उसे खत्म कर दिया, रद्द कर दिया? उन्होंने यह कहा कि मैं बहुत सोच-समझकर फैसला करता हूं, बड़ी तैयारी के साथ करता हूं। आपको बधाई हो, Operation Secrecy की।

दूसरा, कोई सर्जिकल स्ट्राइक हुई या नहीं हुई, पर हिन्दुस्तान के गरीब पर, किसान पर, मज़दूर पर, गृहिणियों पर, हमारी बहू-बेटियों पर, जिनमें हज़ारों-लाखों की शादियां टूट गयीं, कई बेटियों ने खुदकुशी कर ली – यह सर्जिकल स्ट्राइक आपने उन पर की। आपने उनको तकलीफ पहुंचाई है और आप कहते हैं कि आपने काले धन वालों पर पेच कस दिया! एटीएम और बैंकों के बाहर जो लाइनों में खड़े थे, कतारों में खड़े थे, उनमें से कौन साहूकार था, कौन पूंजीपति था, कौन काले धन वाला था? आपने उन सारे गरीब लोगों को, जो तकलीफ में खड़े थे, एक साथ कलंकित कर दिया कि सारे लोग बेईमान हैं, इनके पास काला धन है, मैंने इनको लाइन में लगा दिया है। ऐसा कहना अच्छा नहीं है। हम तो आपसे कहते हैं, हम आपके सामने उन लोगों की पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं, जो स्वयं अपनी बात नहीं कह पाते, जो मज़बूर हैं, बेबस हैं, बेसहारा हैं। अगर हम उनकी बात करते हैं तो कहते हैं कि जो भी आलोचना करे — क्योंकि आपमें सहनशीलता नहीं है, आपको किसी की बात नहीं सुननी — वह देश विरोधी बात कर रहा है। जो आपको प्रश्न करता है, उसको कहते हैं कि वह काले धन का समर्थक है। कृपा करें और इस भाषा को बदलें। जैसा मैंने कहा, केवल आप ही वह नहीं हैं, जो देश के हित को समझते हैं — देश के हित को सब लोग जानते हैं। वित्त मंत्री जी, मुझे आपसे एक चीज़ कहनी है कि अगर आपने सब सोच-समझकर तैयारी के साथ किया था तो आज भी वह पैसा पूरा नहीं छपा। आपको पता होता तो जरूर पहले आप नोट छाप लेते। अब यह पता लग गया कि क्या होगा, कैसे यह भरपाई होगी। अच्छा है कि इस देश में बड़ा सब्र है, भारत के लोग स्वीकार कर लेते हैं और तकलीफ को भी बरदाश्त करते हैं। अगर आप कह देते कि इसमें कहीं कोताही रह गयी, गलती हो गयी तो इसमें आपको कोई सज़ा नहीं देता। हमने नहीं कहा कि प्रधान मंत्री को सज़ा मिलनी चाहिए। प्रजातंत्र में जनता सज़ा दे देती है, वह सज़ा जरूर मिलेगी, लेकिन आपने कहा

कि पचास दिन के बाद सब चीज़ ठीक हो जाएगी, वरना मुझे जो सज़ा देनी हो, किसी चौराहे पर खड़ा करके, वह सज़ा आप दे दीजिए। वह कौन सा चौराहा और कौन सी सज़ा है, आप खुद ही तय कर लें। आप तो हुक्मरान की तरह फैसले करते हैं, अब अपनी सज़ा भी शायद खुद ही तय करेंगे। मुझे आपसे एक चीज़ पूछनी है। जो बैंक में खातों में पैसा है, वह लोगों का है, उनकी मेहनत का पैसा है, मज़दूरी का पैसा है, वह बेईमानी का पैसा नहीं है। कौन से कानून ने आपको अधिकार दिया कि आज तक आपने उस पर राशन लगाया हुआ है, आज तक पाबंदी लगायी हुई है? किसी के घर में बेटी की शादी हो, तो प्रधान मंत्री और आप तय करेंगे कि कितना पैसा वे निकालेंगे? आप तय करेंगे कि दो लाख निकालिए, ढाई लाख निकालिए, उसमें इतने फॉर्म्स और इतने affidavit बना दिए कि किसी को पैसा नहीं मिला। ...(**समय की घंटी**)... Sir, I will take a few minutes more. I am the only speaker. PM has to reply. This is not fair. I request you to allow me some time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Kindly conclude.

SHRI ANAND SHARMA: No, Sir. I will continue, Sir. Let the Prime Minister come.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In any case, before 5.00 p.m., you have to conclude.

SHRI ANAND SHARMA: No, Sir; this can't be. I know, let the Prime Minister come.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It was already announced earlier.

SHRI ANAND SHARMA: Let the Prime Minister come. What is the rule, Sir?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I had announced it earlier.

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I request you to allow me. I have a few things to say. ...(*Interruptions*)... सर, मुझे वित्त मंत्री जी से यही पूछना है कि अगर आपने सब चीज़ सोचकर की थी, तो हुआ क्या?

उपसभापति महोदय, 8 नवम्बर के बाद आर.बी.आई. के 121 नोटिफिकेशन्स और सर्कुलर्स जारी हुए। There were a total of 121 notifications and circulars of the RBI. In addition to that, the Finance Ministry notifications and circulars were 23—144 in all! Everybody had been confused as to which new circular would come and which new notification would come next. I had mentioned, Sir, that a joke was going around for weeks. Somebody was asking from the toilet, "Please find out if there is a new notification or circular of RBI." Because, people did not know. In one day, you had come out with two-three circulars. फिर कहते हैं कि सब कुछ ठीक है, पूरी तैयारी थी और लोग खुश हैं। सब लोग खुश हैं, मैं इस पर कहना चाहता हूं, क्योंकि प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि देश में कोई नुकसान नहीं हुआ है, फायदा हुआ है, लांग टर्म बेनिफिट होगा। लांग टर्म बेनिफिट ठीक है, यह पता नहीं कब होगा? अभी जीडीपी टूटी है, लेकिन वित्त मंत्री जी कहते हैं कि नहीं।

[श्री आनन्द शर्मा]

दुनिया कहती है कि जीडीपी टूट रही है, रोजगार टूट गया। प्रधान मंत्री के गुजरात में मोरबी शहर है, जो ceramic capital है, वहां से चार लाख वर्कर्स वापस चले गए, खेत मजदूर वापस चले गए। वहां से खेत मजदूर वापस चले गए, तभी तो "मनरेगा" की मांग बढ़ी है, क्योंकि खेत मजदूर वापस चले गए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have only four more minutes.

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I will take five more minutes. Everything is going on well, Sir. Please allow me. I have lost five minutes and I will add those five minutes. Please allow me. सर, जैसा कि मैंने आपको बताया है कि किस तरह से रोजगार टूटा है, किस तरह से लोगों की आमदनी टूटी है, मांग टूटी है, बाजार टूटे हैं और सबसे बड़ी बात जो मैं इस सदन को कहना चाहता हूं, मैं सबसे जरूरी बात कहना चाहता हूं कि सरकार इकबाल पर चलती है, ज़बान पर चलती है। पहले तो भारत के बैंकों की प्रतिष्ठा थी, आज हिन्दुस्तान के लोगों का हमारे बैंकों से विश्वास टूट चुका है। आज आर.बी.आई. की साख टूट चुकी है, क्योंकि आपने उसको गवर्नमेंट के एक महकमे की तरह से ट्रीट किया है। आप 7 नवम्बर को फरमान भेजते हैं कि 8 नवम्बर को बोर्ड की मीटिंग बुलाओ और यह तय कर लो। मेरा यह सवाल है कि प्रधान मंत्री ने यह स्वयं कहा था या नहीं कहा था, यह प्रश्न भी है। मैं बड़े कष्ट के साथ कह रहा हूं कि उन्होंने कहा था कि 30 दिसम्बर के बाद जिसके पास पुराना नोट हो, वह रिजर्व बैंक के काउंटर पर जाकर बदल ले। 2 जनवरी का दिन था, राष्ट्र की राजधानी दिल्ली के अंदर बूढ़े थे, महिलाएं थीं, गांव के लोग थे और एक हमारी भारत की जवान बेटी, एक साल के बच्चे को बाजू में लेकर खड़ी थी ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You spoke for thirty-eight minutes.

SHRI ANAND SHARMA: Sir, this is not fair. Every time you ring the bell, Sir. The Prime Minister is not here and you want me to sit down! We are having a debate, Sir. This is not proper, Sir. ...(*Interruptions*)... I know, the Prime Minister is not used to listening to anybody.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No; the Prime Minister has to speak at 5.00 p.m. I am only cautioning you of the time. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: Mr. Deputy Chairman, Sir, with due respect, your bell came when I was narrating a heart-rending incident. When I was narrating a tragedy, the bell came. When this young lady standing in a queue, with her one year-old child in her arm, with ₹ 4,000 in old notes, she was pushed around. The old people were beaten up in front of the RBI. They were pushed around and many got injured. This lady fell down. The child too fell down. All the TV channels showed it. हमारी वह बेटी दुख में, तकलीफ में निर्वत्र हो गई, देश की राजधानी में, रिजर्व बैंक के सामने। एक आपको वेदना नहीं है। आपने उसकी निन्दा नहीं की। आपने उसकी जांच नहीं

5.00 P.M.

करायी। प्रधान मत्री की ज़बान पर लोग पैसा लेकर रिजर्व बैंक के काउंटर पर आए थे। अगर देश के प्रधान मत्री का इकबाल खत्म हो जाता है, तो लोगों का विश्वास खत्म हो जाता है, सरकार में नहीं, राजनेताओं में। उन्होंने आपकी बात मानी थी, तकलीफ सही थी, लेकिन आपने उनके साथ ये बदसलूकी की। इस देश के अंदर कई मिसालें हैं। उपसभापति महोदय, सच्चाई कड़वी होती है, आप लोग सुनना नहीं चाहते। अच्छा होता कि आपके माननीय प्रधान मंत्री दूसरों की बात भी सुनते, आपकी भी बात सुनते। उपसभापति जी, चाहे वे देश की नीतियां हैं, चाहे वे विदेश की नीतियां हैं, पर हालात क्या हैं?

श्री उपसभापतिः आनन्द शर्मा जी, जरा सुनिए। आपने 40 मिनट ले लिए हैं।

श्री आनन्द शर्माः अभी और लूंगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How much time your party has taken, tell me. Now you conclude. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: Just forget it, Sir. This is an important issue. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now you conclude. ...(*Interruptions*)..

SHRI ANAND SHARMA: You said that I am the last speaker. ...(*Interruptions*)..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you are the last speaker. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: This is unfair, Sir. ...(*Interruptions*)... यह क्या हो रहा है? आप देखिए

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have been informed that after your speech is over, the Finance Minister would like to say a few words and after that the Prime Minister will come. ...(*Interruptions*)... Therefore, you have to stop. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः उपसभापति जी, आनन्द शर्मा जी ने लगभग एक घंटे से ज्यादा बहुत अच्छा प्रवचन दिया, बहुत अच्छी बात कही।

SHRI ANAND SHARMA: Let the sense of the House be taken. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः मुझे लगता है कि आनन्द शर्मा जी की सारी बातें पूरी हो चुकी हैं। **...(व्यवधान)...**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: I will speak for seven minutes more. ...(*Interruptions*)... Please. I would have finished if I had not been stopped all the time. ...(*Interruptions*).. No, Sir. I will speak. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: His party has taken so much time. ...(*Interruptions*)... Later on you will complain against it. ...(*Interruptions*)... You will say that I gave them more time. ...(*Interruptions*)... How can it be? ...(*Interruptions*)... After your speech, the Finance Minister wants to intervene and then only the Prime Minister will come. That is what I am saying. ...(*Interruptions*)... I said what I have been told. ...(*Interruptions*)... I said what I have been informed. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: I am not blaming the Chair. ...(*Interruptions*)... We understand because we have also been in politics for long. We know what is happening. ...(*Interruptions*)... We know what is happening since yesterday. We are not children. But that is fine. ...(*Interruptions*)... I have one thing to say. अब यह नयी बात हुई क्योंकि पैसा छपा नहीं, तैयारी हुई नहीं, जुबान टूट गयी, इकबाल टूट गया, अब करोड़ों रूपया "कैश लेस" करने पर खर्च हो रहा है। अच्छा, दुनिया में कौनसा देश "कैश लेस" है? भारत में तो 90 परसेंट से ज्यादा लेन-देन कैश ट्रांजैक्शंस में होता है। फाइनेंस मिनिस्टर को मालूम होगा

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now conclude please. ...(*Interruptions*)...

श्री आनन्द शर्माः आपको मालूम होगा वर्ल्ड बैंक की फाइनेंस इंक्लूजन रिपोर्ट, । am referring to the World Bank Financial Inclusion Report which says that less than 7 per cent of Indians use cheque for transactions, less than 2 per cent Indians are using credit cards and debit cards. ...(*Interruptions*)... भारत के अंदर साढ़े छः लाख गांव हैं और 1 लाख 32 हजार बैंक ब्रांचेज़ हैं। उनमें भी 73 परसेंट शहरों के अंदर हैं। देश में 2 लाख 12 हजार एटीएम्स हैं और हिन्दुस्तान के किसी गांव में एटीएम नहीं है। आपने कोऑपरेटिव बैंक्स और ग्रामीण बैंक्स को पैसा नहीं दिया, न नोट बदलवाने की अनुमति दी।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now conclude. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: You give me seven minutes more. ...(*Interruptions*)... After every thirty seconds if you ask me to sit down, I am not going to sit down. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have taken much more time than allotted to your party. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: You are not allowing me to speak. ...(*Interruptions*)... You are not allowing me. ...(*Interruptions*)... These are important issues which I am raising. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If each party starts behaving like this, what do I do? ...(*Interruptions*)... देखो, यह गलत होगा।

SHRI ANAND SHARMA: After every ten seconds, you are interrupting me. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now conclude, please. ...(*Interruptions*)... आनन्द शर्मा जी, आपने बहुत बोला है।

SHRI ANAND SHARMA: It is in the interest of the functioning of this House that I am given those few minutes. I am requesting and allow me to conclude. सर, मुझे एक चीज कहनी है, कि जिस हिन्दुस्तान में as per the RBI, 43 per cent of Indians have no bank accounts, that is 55 crores, even if I accept your number on *Jan Dhan* accounts, yet a large number of them are not operational. There are no transactions. If over 80 crore Indians have no bank accounts, who will give them a credit card or a debit card? सर, आज सरकार और प्रधान मंत्री Paytm को प्रमोट कर रहे हैं, क्रेडिट कार्ड को प्रमोट कर रहे हैं, आप प्रमोट जरूर करें, आप 'भीम' को भी प्रमोट करो । ...(**व्यवधान**)... ...(*Interruptions*)... Sir, after every ten seconds if they interrupt, how can I conclude? They don't even give me 30 seconds uninterrupted. Sir, this is not fair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please. ...(*Interruptions*)...

SHRI KAPIL SIBAL (Uttar Pradesh): Why is the Prime Minister not here? There should be some respect for the House. ...(*Interruptions*)...

SHRI NEERAJ SHEKHAR (Uttar Pradesh): Let them say, "He will not come." He is not coming, we know that. He is afraid. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः सर, इनका भाषण हो गया है। ...(**व्यवधान**)... आप सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)... प्रधान मत्री जी intervene करेंगे, चिन्ता मत करिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. ...(*Interruptions*)... Now listen to me. I have already said... ...(*Interruptions*)... आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... You please sit down. ....(*Interruptions*)...

SHRI PALVAI GOVARDHAN REDDY (Telangana): If the Prime Minister is correct, why should he not be here?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Reddyji, please sit down. Be reasonable. ...(*Interruptions*)... Listen to me also. Please be reasonable. ...(*Interruptions*)... आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... How much time can your party be given? You have taken much more than what is due. ...(*Interruptions*)...

SHRI P. CHIDAMBARAM (Maharashtra): That is not relevant now. ...(*Interruptions*)...

SHRI NEERAJ SHEKHAR: You said he will be the last speaker. After that the Prime Minister will speak. ...(*Interruptions*)...

श्री उपसभापतिः आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... Shri Sanjiv Kumar, please sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH (Madhya Pradesh): Sir, I have a point of order. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I cannot allow if a Member wants to indefinitely speak. This cannot be allowed. I cannot allow that because I am told that the Leader of the House also wants to intervene. It is already 5.10 p.m. A lot of time has been given. ...(*Interruptions*)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I have a point of order.

SHRI P. CHIDAMBARAM: You said the Prime Minister will come. Why is he not here?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Anand Sharmaji's party time was fully exhausted yesterday. Even then I allowed. What is the rationale? We cannot function in this way.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, have you changed the rules of the Rajya Sabha?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are changing. ...(*Interruptions*)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is your point of order?

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, why is the last speaker, Shri Anand Sharma, not being allowed to speak? The Prime Minister has to reply to the queries raised by us. Where is he? My question is, is there a rule that a debate will only start when he speaks? Sir, what is this? ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have a point of order. Now, let me reply to you. ...(*Interruptions*)... Yes, it is a valid point of order. Allow me to reply to that.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Sir, have you fixed the time? Has the Prime Minister got time to speak? This is not fair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You raised a point of order. You are not allowing me to speak. Now, listen to me. ...(*Interruptions*)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: He should be here to respond to our queries. Have you changed the rule that the Prime Minister will only come...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Digvijayaji, listen to me.

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Will he not listen to us?

SHRI P. CHIDAMBARAM: Sir, why is the Prime Minister not here?

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Show me the rules book, Sir. Can the Prime Minister tell us at what time he will respond?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Listen to me. Are you ready to listen to me? बैठिए, आप लोग बैठिए। Let us not quarrel now. Each party has time allocated... ...(*Interruptions*)... Let me speak. ...(*Interruptions*)... Let me complete. ....(*Interruptions*)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH: Can the hon. Prime Minister dictate the House? ...(*Interruptions*)...

इसी प्रकार से नोटबंदी के समय में कोई विदेशी अखबार को क्वोट करते हैं, कोई विदेशी अर्थशास्त्रियों को क्वोट करते हैं। यह एक ऐसा विषय है कि अगर आप 10 क्वोट करेंगे, तो मैं 20 क्वोट कर सकता हूं। अगर आप 10 महापुरूषों को क्वोट कर सकते हैं, तो मैं 20 महापुरूषों को क्वोट कर सकता हूं। यह इसलिए हो रहा है कि विश्व में इसका कोई parallel ही नहीं है। दुनिया में कहीं इतना बड़ा और इतना व्यापक निर्णय कभी नहीं हुआ। ...(**व्यवधान**)... इसलिए दुनिया के अर्थशास्त्रियों के पास भी इसका लेखा-जोखा करने का कोई मापदंड नहीं है। ...(**व्यवधान**)... यह बहुत बड़ा दुनिया के अर्थशास्त्रियों के लिए, दुनिया की यूनिवर्सिटीज़ के लिए एक बहुत बड़ा केस स्टडी बन सकता है और भारत ने कितना बड़ा निर्णय किया है, इसका भी ...(**व्यवधान**)... इसी प्रकार से जन-सामान्य का, देश की जन-शक्ति क्या होती है और इस सदन में बैठे हुए सभी महानुभावों से मैं कहना चाहता हूं कि इस नोटबंदी के बाद समाजशास्त्री जरूर अध्ययन करेंगे। पहली बार देश में horizontal divide उभर कर आया है और जब मैं horizontal divide कहता हूं, तो जनता-जनार्दन का मिजाज एक तरफ और नेताओं का मिजाज दूसरी तरफ।

6.00 P.M.

ये जनता से इतने कटे हुए हैं कि पहली बार ...(**व्यवधान**)... हमें संतोष होना चाहिए, आम तौर पर सरकार जब कोई निर्णय करती है तो जनता और सरकार by and large आमने-सामने होते हैं, चाहे कोई भी सरकार हो। ...(**व्यवधान**)... यह पहली ऐसी घटना है कि कुछ लोग तो उधर थे, लेकिन सरकार और जनता साथ-साथ थी। उसी प्रकार से इस बात का हम लोगों को गर्व होना चाहिए ...(**व्यवधान**)... हो सकता है, आपकी कुछ कठिनाइयां होंगी, लेकिन हमें इस बात को समझना होगा और विश्व के सामने हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि देश के सवा सौ करोड़ लोग ऐसे हैं, वे अनपढ़ हो सकते हैं, उन्हें शायद शिक्षा न भी मिली हो, जैसा आप वर्णन कर रहे थे और जो रिपोर्ट कार्ड आप दे रहे थे कि ऐसा है, वह सब होते हुए भी यह देश है जो अपने भीतर की बुराइयों से बाहर निकलने के लिए मेहनत कर रहा है, तड़प रहा है। चाहे कोई भी राजनेता हो, कोई भी दल हो, यह हम लोगों के लिए गर्व का विषय है कि इस देश में ऐसे जन हैं, ऐसे नागरिक हैं, जो अपनी बुराइयों के खिलाफ लड़ने के लिए कष्ट झेलने को तैयार होते हैं, कठिनाई झेलने के लिए तैयार होते हैं और बुराइयों से निकलने के रास्ते खोज रहे हैं। इसलिए हमें भी इस बात को समझना होगा।

श्रीमती रेणुका चौधरीः ये सब आपकी बुराइयां भुगत रहे हैं, जब से आपकी सरकार आयी है ...(**व्यवधान**)...

श्री एम. वेंकैया नायडुः सर, यह क्या है?

श्री नरेंद्र मोदीः हम यह भी जानते हैं...

श्री एम. वेंकैया नायडुः सर, एक मिनट। सॉरी, क्या ऐसे ही चलता रहेगा? ...(**व्यवधान**)... Is the running commentary allowed in the House? मर्यादा है? संस्कार होने चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री नरेंद्र मोदीः सभापति महोदय जी ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती रेणुका चौधरीः डा. मनमोहन सिंह जी के टाइम में आपने बहुत संस्कार दिखाए ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Silence please.

श्री नरेंद्र मोदीः आपकी अध्यक्षता के नीचे सब चल रहा है, हम तो ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please sit down...(*Interruptions*)...

श्री नरेंद्र मोदीः पिछले सत्र में डा. मनमोहन सिंह जी ने अपने विचार रखे थे। यह बात सही है कि अभी शायद आपकी तरफ से एक किताब निकली है। उसका foreword डाक्टर साहब ने लिखा है। मैं जब आपकी रिपोर्ट देख रहा था तो मुझे लगा कि शायद इतने बड़े अर्थशास्त्री हैं, तो किताब में उनका योगदान होगा, लेकिन पता चला कि किताब किसी और ने लिखी, foreword उन्होंने लिखा है। ...(**व्यवधान**)... तो उनके भाषण में भी मुझे ऐसा लगा कि शायद ...(**व्यवधान**)... यह बात बड़ी समझने की है कि पिछले करीब-करीब 30-35 साल से ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः आप प्रधान मंत्री हैं, पूर्व प्रधान मंत्री के बारे में ऐसा नहीं कह सकते। वे आप से ज्यादा इकोनॉमी जानते हैं। ...(**व्यवधान**)... It is a breach of privilege …(*Interruptions*)… On this, we will not. How can he …(*Interruptions*)…

श्री सभापतिः शर्मा जी, बैठ जाइए।

श्री नरेंद्र मोदीः करीब-करीब 30-35 साल से ...(**व्यवधान**)... जो शब्द मैं बोला भी नहीं, वह समझ गए।

MR. CHAIRMAN : Why are you interrupting? Please sit down ...(*Interruptions*)…

श्री नरेंद्र मोदीः जो शब्द में बोला भी नहीं, उसका अर्थ समझ गए, यह बड़ी गज़ब की बात है। डा. मनमोहन सिंह जी, पूर्व प्रधान मंत्री हैं, आदरणीय व्यक्ति हैं और हिन्दुस्तान में पिछले 30-35 साल से भारत के आर्थिक निर्णयों के साथ उनका सीधा संबंध रहा है ...(**व्यवधान**)... और निर्णायक भूमिका में रहा है। इस देश में अर्थ-जगत का शायद ही कोई ऐसा अकेला व्यक्ति होगा, जिसका हिन्दुस्तान की 70 साल की आजादी में आधे समय इतना दबदबा रहा होगा। और कितने घोटालों की बातें आई, लेकिन खासकर के हम राजनेताओं के लिए ...(**व्यवधान**). ... डा. साहब से बहुत कुछ सीखने जैसा है, इतना सारा हुआ और उन पर एक दाग नहीं लगा। बाथरूम में रेन-कोट पहनकर नहाना, इस कला को तो डा. साहब ही जानते हैं और कोई दूसरा नहीं जानता है। ...(**व्यवधान**)... इसलिए ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Order in the House, please. ...(*Interruptions*)... Please sit down. Everyone should go back to their places. ...(*Interruptions*)...You can't do this. All of you should sit down. ...(*Interruptions*)... Everyone, go back to your places. ...(*Interruptions*)... Go back to your places. ...(*Interruptions*)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... आप लोग वापस अपनी जगह पर जाइए। ...(**व्यवधान**)... Please go back. ...(*Interruptions*).. Please go back. ...(*Interruptions*)... I am appealing to hon. Members to sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI ANAND SHARMA: The Prime Minister is provoking, Sir. ...(*Interruptions*)... He is casting aspersions. ...(*Interruptions*)...

वस्त्र मंत्री (श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)ः हम भी हाउस के मेम्बर हैं। ...(**व्यवधान**)... हमने सब सुना है। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्माः ये कहते हैं स्कैम ...(**व्यवधान**)... इसकी जांच होनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: This is not fair. You can't do this, please. ...(*Interruptions*)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)....आप लोग वापस अपनी जगह पर जाइए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI ANAND SHARMA: In protest, we are walking out, Sir. ...(*Interruptions*)...

(*At this stage, some hon. Members left the Chamber*)

MR. CHAIRMAN: Please go back to your places. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः आप अपनी बात कहकर सुनना नहीं चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)... आपको सच्चाई सुननी पड़ेगी। ...(**व्यवधान**)... आपको सच्चाई बार-बार सुननी पड़ेगी। ...(**व्यवधान**)... आप सच्चाई सुनने से भाग रहे हैं! ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: I appeal to hon. Members to sit down. ...(*Interruptions*)...

श्री मुख्तार अब्बास नक़वीः आप बिना सच्चाई सुने भाग रहे हैं। सर, ये सच्चाई सुनना नहीं चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)... ये हमेशा सच्चाई सुनकर भागते हैं। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ...(*Interruptions*)...

श्री रवि शंकर प्रसादः ये सच्चाई से क्यों भाग रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... इतनी गंदी बातें कही गईं, हमारे प्रधान मंत्री के बारे में । ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please maintain the decorum in the House. ...(*Interruptions*)...

श्री रवि शंकर प्रसादः हम लोग चुप रहे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः आप लोग क्या कर रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, I request you to go through the records. The Prime Minister was called a Hitler. The Prime Minister was called a Mussolini. The Prime Minister was called a...

MR. CHAIRMAN: Which record are you referring to?

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: It has happened in the House. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: If approached, action could have been taken. ...(*Interruptions*)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: The same party ...(*Interruptions*)... आप हमको सिखाइए मत। ...(**व्यवधान**)...

They are saying this inside the House and outside the House too. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Please, वेंकैया जी, बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I am very sorry to say this, Sir. The Chair should keep in mind the sentiments of all sides of the House. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Are you suggesting that it is not? ...(*Interruptions*)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I am not saying that. The Chair should understand our pains. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: I understand everybody's pains. ...(*Interruptions*)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: The Prime Minister, who has been elected, is appreciated by the entire world. But, these people don't allow the Prime Minister to speak. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Will you please sit down, Venkaiahji? ...(*Interruptions*)...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: These people participate and say anything. ...(*Interruptions*)...

MR. CHAIRMAN: Everybody should sit down. ...(*Interruptions*)... Now, go back to your places. Just go back to your places. Everybody, sit down. ...(*Interruptions*)... Please...(*Interruptions*)... That is enough.

MR. CHAIRMAN: Everyone should please sit down. ...(*Interruptions*).. Hon. Prime Minister, please.

श्री नरेंद्र मोदीः आदरणीय सभापति जी, इतने बड़े पद पर रहे हुए व्यक्ति ने सदन में जब "लूट" और "प्लंडर" जैसे शब्द प्रयोग किए थे, तब पचास बार उधर भी सोचने की जरूरत थी कि जब मर्यादा इधर लाँघते हैं, तो सुनने की भी तैयारी करें। हम उसी कॉइन में वापस देने की ताकत रखते हैं और यह हम संविधान की मर्यादाओं में रहकर करते हैं। हम लोकतंत्र का आदर करते हुए काम करने वाले लोग हैं, लेकिन किसी भी रूप में पराजय स्वीकार नहीं करना, यह कब तक चलेगा?

आदरणीय सभापति जी, यह बात सही है कि सामान्य जन को आंदोलित करने के बहुत प्रयास हुए थे और आज हम देश में देखते हैं कि कहीं एक छोटा-सा, कुछ अकस्मात ही प्रकरण हो जाए, तो भी दो-चार गाड़ियां जला दी जाती हैं, कहीं बस भी लेट आ जाए, तो भी एकाध, दो बसें जला दी जाती हैं। इसके बाय एंड लार्ज क्या प्रभाव होंगे, वह तो विश्लेषण का विषय है, लेकिन ये दृश्य रोज़मर्रा की घटनाएँ हैं। हमारे भीतर की बुराइयों से लड़ने के लिए देश का मन इतना प्रतिबद्ध है कि इतनी कठिनाइयों के बावजूद भी उन्होंने ऐसी कोई घटना होने नहीं दी। हमें पूरे विश्व के सामने भारत के लोगों की इस सामर्थ्य को गर्व के साथ प्रस्तुत करना चाहिए, हमें इसकी बात करनी चाहिए। मैं समझता हूं कि तभी जाकर इस बात को दुनिया समझ पाएगी कि हम किस प्रकार से सोचते हैं।

मैं आज एक और बात का उल्लेख करना चाहता हूं कि मसला ऐसा था — हमारी और सीताराम येचुरी जी की विचारधारा अलग है, इसलिए विचारों की प्रस्तुति अलग होना स्वाभाविक है, लेकिन यह एक ऐसा विषय था — जब मैं सोच रहा था, तो मुझे इसकी पूरी कल्पना थी कि सीताराम जी और उनका दल इस काम में हमारे साथ रहेगा। उसका कारण था। उसका कारण यह था कि आप ही की पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीमान ज्योतिर्मय बसु थे। उन्होंने 1972 में, वांचू कमेटी की रिपोर्ट हाउस में रखने की बड़ी मांग की थी और बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी थी। सरकार मानती नहीं थी, उसको प्रस्तुत नहीं कर रही थी, आखिरकार वे एक कॉपी ले आए और उन्होंने खुद ही टेबल पर रखी। उन्होंने खुद ही, ज्योतिर्मय बसु जी ने उस रिपोर्ट को प्राइवेट मेम्बर के नाते टेबल पर रखा। उस दिन उनका जो भाषण हुआ था, वह आज भी प्रासंगिक होता है। उन्होंने 26 अगस्त, 1972 को कहा था, "सर, 12 नवंबर, 1970 को इस शक्तिशाली और प्रतिष्ठित कमेटी

की प्राथमिक सिफारिशों में से एक था विमुद्रीकरण। सर, श्रीमती इंदिरा गांधी काले धन के दम पर ही बची हुई हैं। उनकी राजनीति काले धन से ही जीवित है, इसलिए न सिर्फ इस रिपोर्ट को लागू नहीं किया गया, बल्कि डेढ़ साल तक दबाये भी रखा गया।" यह ज्योतिर्मय बसु जी ने 26, अगस्त, 1972 में कहा था। ...(**व्यवधान**)... दुबारा ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरीः आपने यह बात उठाई है, तो मैं कुछ कहूँ?

श्री नरेंद्र मोदीः दोबारा, 4 सितंबर, 1972 को लोक सभा में भाषण देते हुए ज्योतिर्मय बसु जी ने कहा था, "मैंने विमुद्रीकरण और अन्य उपायों की सिफारिश की है। मैं अब उन्हें दोहराना नहीं चाहता। सरकार को ईमानदारी के साथ लोगों के साथ सहयोग करना चाहिए..। लेकिन प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी और उनकी सरकार का चरित्र है, एक ऐसी सरकार जो काले धन की है, काले धन द्वारा है और काले धन के लिए है। यह मैं 1972 की बात कर रहा हूँ।

श्री सीताराम येचुरीः सर, आप जो यह कह रहे हैं, तो हमारी भी एक बात सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री नरेंद्र मोदीः और यह कम्युनिस्ट पार्टी के नेता ने 4 सितंबर, 1972 को कहा है। इतना ही नहीं, सीपीएम के वरिष्ठ नेता हरकिशन जी सुरजीत, उन्होंने 27 अगस्त, 1981 को इसी सदन में भाषण दिया और उसमें उन्होंने पूछा कि काले धन पर लगाम लगाने के लिए क्या सरकार वाकई कोई गंभीर कदम उठाना चाहती है? क्या सौ रूपए के नोट को बंद करने जैसे फैसले लिए जा सकते हैं? यह सवाल सुरजीत जी ने भी इसी सदन में 1981 में उठाया था। इसलिए खास करके लेफ्ट से मेरा आग्रह है कि आप इस लड़ाई में हमारा साथ दीजिए और आप देंगे, मैं आशा करता हूँ। आप अपने विचार व्यापक रूप से जरूर रखते रहे हैं, लेकिन यह काम ऐसा है, जिससे आप अलग हो ही नहीं सकते। आपका कैरेक्टर ऐसा नहीं है।

श्री सीताराम येचुरीः सर, आपने यह सवाल उठाया है, तो एक मिनट बोल लूं?

श्री नरेंद्र मोदीः अपनी बात आप बाद में कर लेना, आपके पास पूरी जिन्दगी पड़ी है, कहीं न कहीं से आ जाओगे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरीः काले धन को रोकने के विरोध में हम कभी नहीं थे और न रहेंगे, सवाल यह है कि तरीका क्या है? आपने जिस तरीके से किया, उससे काला धन खत्म नहीं किया ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. Sitaramji, please sit down.

श्री नरेंद्र मोदीः यह तो समय बताएगा। यह बात सही है कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में इतने कड़े फैसले लेना, आम तौर पर लोग मानते हैं कि पापुलिस्ट कदम लेना यह लोकतंत्र का स्वभाव बन जाता है, शॉर्ट टर्म गोल को लेकर के फैसले करना स्वभाव बन जाता है, इसलिए इतने बड़े फैसले को समझने के लिए भी थोड़ा समय लगता है। इसमें मैं किसी को दोष नहीं देता हूँ, धीरे-धीरे लोग समझ जाएंगे। जो आज इसका विरोध कर रहे हैं, उनको भी समझ में आ जाएगा कि इतना बड़ा फैसला देश का कितना बड़ा भला करने की संभावनाएं लेकर आया है और हम इसको आगे बढ़ाना चाहते हैं।

[श्री नरेंद्र मोदी]

सर, यहां पर डिजिटल व्यवस्था के संबंध में चर्चा हुई। मैं हैरान हूँ, सामने से जितने भाषण हुए, कहा कि इस देश में यह नहीं है, ढिमका नहीं है, फलां नहीं है, यह नहीं हुआ, वह नहीं हुआ, टॉयलेट हैं तो पानी नहीं है, पता नहीं क्या-क्या बोला गया। मैं सोच रहा था कि ये जो बोल रहे हैं, वे क्या बोल रहे हैं? मुझे लगता है कि वे हिन्दुस्तान की 70 साल की सरकारों का रिकॉर्ड दे रहे थे। जो भी बोल रहे थे, यह नहीं है, तो यह 70 साल का रिपोर्ट कार्ड है और 70 साल में मेरा कंट्रिब्यूशन ढाई साल का ही है। आपने टॉयलेट बना दिया तो क्या मैंने ताला लगा दिया? आपने रोड बना दी तो क्या मैंने उखाड़ कर फेंक दी? आपने पानी का पाइप डाला था तो क्या मैंने आकर काट दिया? यह हकीकत है। कोई यह नहीं कहता कि हिन्दुस्तान के हर कोने में डिजिटल व्यवस्था है। कौन कहता है? सवाल यह है कि माइंडसेट बदलने के लिए जहां संभावना है वहां हम इसको कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं। मान लीजिए दिल्ली शहर में, संभावना है, चलो दिल्ली से शुरू करो। हम लोग कुछ पॉजिटिव कंट्रीब्यूट करें। यह बीहेवियर चेन्ज का विषय है। अगर कोलकाता के लोगों के पास मोबाइल फोन है, कोलकाता में लोगों के पास अगर डिजिटल कनेक्टिविटी है, तो वहीं से शुरू करो। हो सकता है कि दूर-सुदूर बंगलादेश के बॉर्डर पर गांव में नहीं हो। यह कहना और फिर हम इस बात के तो गीत गाते रहते हैं कि हमने यह कर दिया, हमने वह कर दिया, ढिमका कर दिया, जब उसको लागू करने की बात आई, तो तकलीफ हो रही है। आवश्यकता है, हम शब्दों का खेल खेलते हैं। हर कोई मानता है, किसी भी बच्चे को पूछो कि स्कूल डेली जाते हो? किसी को भी, आपकी संतानों को भी पूछूंगा, तो कहेंगे कि हां, डेली जाता हूँ। यह मुझे भी मालूम है, उसे भी मालूम है कि संडे को नहीं जाता है। सब को मालूम है। यह स्वाभाविक है। उसी प्रकार से देश में cashless का मतलब है धीरे-धीरे समाज को इस प्रकार की पेमेंट की दिशा में ले जाना। दुनिया में आज भी बड़े-बड़े समृद्ध देश चुनाव करते हैं, तो बैलेट पेपर छाप कर, ठप्पे मार कर चुनाव करते हैं। जिस देश को अनपढ़ माना जाता है, वह हिन्दुस्तान दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और वह बटन दबा कर वोटिंग करता है। जिस दिन बटन दबाने की व्यवस्था आई होगी, किसी ने सोचा होगा कि इतनी टेक्नोलॉजी हमारे देश का गरीब से गरीब आदमी adopt कर सकता है! यानी हम अपने देश की शक्ति को कम न आँकें। हां, अगर हमें लगता है कि यह रास्ता ही गलत है, तब तो ठीक है, लेकिन असुविधा है, तकलीफ है, इसलिए छोड़ देना, यह सही नहीं है। असुविधा होगी, व्यवस्थाएँ कम होंगी, लेकिन आगे तो बढ़ना होगा। कुछ लोग कहते हैं कि क्या दुनिया में कोई देश है? दुनिया के कई देश, मैं हैरान हूँ, आनन्द शर्मा जी कह रहे थे, आपको आश्चर्य होगा, कोरिया ने डिजिटल पर जाने के लिए जो incentive scheme बनाई है, यह इतनी बड़ी मात्रा में आई। ये कह रहे हैं कि आप करोड़ों रूपए डिजिटल को promote करने के लिए खर्च कर रहे हैं। अब जो 'भीम' ऐप बनाया गया है, 'भीम' ऐप में एक नए पैसे का खर्च नहीं है। इससे बिना खर्च transaction हो रहा है। किसी बैंक को एक रूपए का कोई कमीशन नहीं जाता है। इसलिए दुनिया paper less, premises less banking की तरफ जा रही है, इसमें भारत के पीछे रहने का कोई कारण नहीं है। हां, हो सकता है, हमारी व्यवस्थाएँ कम होंगी, तो साल-दो साल और ज्यादा लगेंगे, 5 साल और लगेंगे, लेकिन शुरू करना या यह दिशा गलत है, यह विचार मैं समझता हूँ कि उपयुक्त नहीं होगा। हम लोगों को प्रयास करना चाहिए। इसको promote करने के लिए अपने-अपने इलाके में भी लोगों को हमें समझाना चाहिए और उस दिशा में हमें आगे बढ़ना चाहिए।

अब देखिए, हमारे देश में रेलवे है। इसमें सामान्य मानव भी जाता है। आज रेलवे में 60 से 70 प्रतिशत booking online होने लगी है। उनकी पेमेंट online होती है और अगर वे टिकट cancel करते हैं, तो पैसा online वापस जा रहा है। आज बहुत से परिवार हैं, जो शहरों में रहते हैं। अगर उनको बिजली का बिल भरना है, तो पहले बिजली का बिल भरने के लिए आधे दिन छुट्टी लेनी पड़ती थी, आज वह घर आकर रात को 12 बजे अपने मोबाइल फोन से बिजली के बिल की पेमेंट दे रहा है। सुविधा बढ़ती चली जा रही है। अगर यह सुविधा वैज्ञानिक तरीके से, टेक्नोलॉजी के तरीके से मिलती है, तो अच्छी बात है। हां, हमें उसकी कमियों की चिन्ता जरूर करनी चाहिए। अगर टेक्नोलॉजी में कोई कमी आती है, तो उसको ठीक करना चाहिए, लेकिन यह कल्पना ही गलत है, अगर हम यह negativity लेकर चलेंगे, तो हम देश का कोई भला नहीं कर सकते हैं।

रूपे कार्ड के बारे में अभी अरूण जी बता रहे थे। इस देश में जन-धन एकाउंट के साथ 21 करोड़ लोगों को रूपे कार्ड दिए गए हैं। आपको अंदाज नहीं है कि इसकी ताकत क्या होती है। आम तौर पर जेब में यह कार्ड होना एक वर्ग के लिए बड़ा prestigious हो गया है। पेमेंट करना है, तो कार्ड से करना है। यह भी हवा बन गई है कि यह गरीब का तो विषय ही नहीं है। अभी मुझे अनंत कुमार जी बता रहे थे कि वे बेंगलुरू से आ रहे थे, तो उनके साथ कोई IT Professional बैठे थे। उन्होंने अपने ड्राइवर की एक घटना सुनाई। उन्होंने कहा कि demonetization से उनका ड्राइवर बहुत खुश है। उन्होंने पूछा कि क्यों? तो उन्होंने बताया कि उसने कहा कि देखिए, आज कोई बड़ा आदमी कार्ड रखता है, मैं भी कार्ड रखता हूँ। वह उनको कार्ड दिखाने लगा। उसको बड़ा आनंद था। अब देखिए, इससे समाज के सामान्य व्यक्ति के जीवन में भी एक बदलाव की व्यवस्था आई है। इससे एक नया आत्मविश्वास पैदा होता है। जिसके घर में एक साइकिल भी नहीं आती है, वह खुशी से समा नहीं पाता है, जब उसके पास मोटरसाइकिल आ जाती है। जिसके पास स्कूटर हो, अगर वह छोटी सी कार लाता है, चाहे पुरानी भी लाता है, तो वह गर्व करता है। समाज के छोटे-छोटे लोगों के जो aspirations हैं, उन aspirations को पूरा करने की दिशा में हमारा प्रयास होना चाहिए।

अब Direct Benefit Transfer से कितना बड़ा फायदा हुआ है। मैंने उस सदन में विस्तार से इसके बारे में कहा है। Direct Benefit Transfer के द्वारा हम करीब-करीब 50 हजार करोड़ रूपए, जो कभी leak होते थे और हर वर्ष होते थे, अब तक बचा पाए और आगे पता नहीं, कितने बचा पाएँगे। Scholarship जैसी सुविधा में एक ही व्यक्ति छः जगह पैसे लेता था। विधवा पेंशन, जिस बेटी का जन्म नहीं हुआ, वह विधवा भी हो गई और चेक भी कट रहा था। Direct Benefit Transfer Scheme के कारण ये जो leakages थे, जो बिचौलिए ले जाते थे, जिनसे देश का बहुत बड़ा खजाना लूटा जा रहा था, उन पर रोक लगी है। इसके कारण Direct Benefit Transfer Scheme का भी फायदा हुआ है, इसलिए हमें digital payments को बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए और इसके लिए हम जितना प्रयास कर सकें, करते रहना चाहिए। सरकार ने इसके लिए अपनी व्यवस्था को विकसित किया है। POS machines की आवश्यकता को देखते हुए, बहुत तेज़ी से POS machines बढ़ाई जा रही हैं। Online payments को आगे बढ़ाने के लिए ई-वॉलेट को बढ़ावा दिया जा रहा है, साथ ही Internet Banking को बढ़ावा देने की दिशा में काम चल रहा है।

इतनी तेजी से technology develop होगी, अब सिर्फ 'आधार' के आधार पर सब काम होंगे। उसके लिए mobiles की जरूरत भी नहीं पड़ेगी और हर व्यक्ति अपनी पेमेंट कर पाएगा, अब वे

[श्री नरेंद्र मोदी]

दिन दूर नहीं हैं। इन व्यवस्थाओं को या तो हम थोड़ा समझने की कोशिश करें और इन स्कीम्स को व्यवहार में लाने का प्रयास करें।

'BHIM App' के माध्यम से भारत सरकार की छत्रछाया में एक बहुत ही उत्तम प्रकार की व्यवस्था बनी है। हम BHIM App को पॉपुलर करेंगे। इससे किसी व्यापारी या बाहर की किसी एजेंसी को कोई लेना-देना नहीं होगा, यह एक सीधा-सीदा और enabled platform है, जिसका लाभ लोग ले सकते हैं। हमें इसको आगे बढ़ाना चाहिए।

अब देखिए, जो ड्राइवर्स हाईवेज़ पर जाते हैं, हम जानते हैं कि टोल पर देर तक रूकने के कारण पेट्रोल और डीज़ल का कितना व्यर्थ खर्चा होता है। 8 नवम्बर के बाद उस पर भी बल दिया गया है, ताकि टोल टैक्स देने के लिए ड्राइवर्स लेटेस्ट टेक्नोलॉजी का उपयोग करें और Radio-frequency Identification (RFID) के ज़रिए टोल-टैक्स दें। पहले इक्का-दुक्का लोगों के पास यह व्यवस्था थी। इतने कम समय में, अब करीब-करीब 20% ट्रैफिक में RFID के द्वारा पेमेंट ली जाती है। कार आती है, सीधे उसका रजिस्ट्रेशन हो जाता है, टैक्स डिपॉज़िट हो जाता है और कार चली जाती है। अब उसको देर तक वहां रूकना नहीं पड़ता है। अगर यह काम और आगे बढ़ेगा, तो देश का कितना पेट्रोल बचेगा। इसी प्रकार आज पेट्रोल पम्पस पर करीब-करीब 29%-30% लोगों ने digital currency से काम करना शुरू कर दिया है। हमने चंद्रबाबू नायडु जी के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई थी, जिसकी अंतरिम रिपोर्ट आई है। अब उस पर अध्ययन हो रहा है और जल्दी ही उसकी फाइनल रिपोर्ट आने वाली है। हम बदलाव के लिए तैयारी करें।

एक विषय है, banking system. इस पर अगर आप कुछ भी कहते हैं, तो उसके जवाब में मैं यह कहूंगा कि वह पुराने कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड है। इस सरकार ने सबसे पहले छः Debt Recovery Tribunals की रचना की और बैंकों में जो Debt बकाया है, उसके बारे में सरकार ने initiative लिया।

बैंकों में जो appointments होती थीं, उनके लिए कोई नियम नहीं था, यह काम एक घिसी-पिटी व्यवस्था के तहत ऐसे ही चल रहा था। इस सरकार ने एक Bank Board Bureau बनाया, जो independent agency है और अब वही बैंकों में रिक्रूटमेंट करती है। उसके चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर्स ने इस दिशा में काम करके banking व्यवस्था में professionalism लाने का प्रयास किया है।

फाइनेंस जगत, बैंकिंग सेक्टर और इकोनॉमी वर्ल्ड, इन सबकी दो दिन की एक round table conference आयोजित की गई। उन्होंने विस्तार से इस विषय पर आत्ममंथन किया, चिन्तन किया कि हमारे देश की बैंकिंग व्यवस्था को global level के standard तक कैसे लाया जाए। इसके लिए उन्होंने अपनी कमियों को समझा और उसको ठीक करने का प्रयास किया।

रिजर्व बैंक की गरिमा के संबंध में मैं कुछ कहना चाहता हूं। मैं समझता हूं कि मुझ पर हमला हो, हमारी पार्टी पर हमला हो, सरकार पर हमला हो, यह बहुत स्वाभाविक है, यह तो चलता रहेगा, लेकिन रिजर्व बैंक या रिजर्व बैंक के गवर्नर को इसमें घसीटने का कोई कारण नहीं है। ऐसे इंस्टीट्यूशंस की मान-मर्यादा कायम रखने में हम लोगों का योगदान होना चाहिए। इनसे पहले जो गवर्नर थे, उनके खिलाफ भी कुछ लोगों ने आवाज़ उठाई थी, लेकिन मैंने उसका भी

विरोध किया था कि यह शोभा नहीं देता है। ऐसी चीज़ों को विवादों से परे रखना चाहिए, बाकी सरकार की व्यवस्थाएं तो चलती ही रहेंगी। अर्थव्यवस्था चलाने में रिजर्व बैंक की एक बहुत बड़ी भूमिका होती है। उसकी credibility की दिशा में हम लोगों का सक्रिय सकारात्मक योगदान होना चाहिए, लेकिन जो लोग सरकार पर आरोप लगाते हुए रिजर्व बैंक की गरिमा पर भी आरोप लगाते हैं, मैं उनसे आज बड़े दुःख के साथ एक बात कहना चाहता हूं। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने 2008 में एक किताब लिखी थी, 'Who Moved My Interest Rate'. उस किताब में उन्होंने लिखा था, "तत्कालीन वित्त सचिव के तहत एक Liquidity Management Committee को नियुक्त करने के सरकार के निर्णय से मैं नाराज़ और परेशान था।..." महोदय, उन्होंने लिखा है कि चिदम्बरम ने स्पष्ट रूप से भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्र में ओवरस्टैप किया था। लिक्विडेट मैनेजमेंट पूरी तरह से रिजर्व बैंक का फंक्शन है। इस विषय पर उन्होंने मुझ से परामर्श भी नहीं किया, बल्कि अधिसूचना जारी करने के बारे में मुझे बताया तक नहीं था। मुझे क्या पता था कि यह निर्णय, मेरे कार्य-काल के अंतिम वर्ष में, हम दोनों के बीच, असहज़ संबंध के लिए टोन सैट करेगा। रिजर्व बैंक के एक्स-गवर्नर ने पुरानी सरकार पर गम्भीर आरोप लगाया है और अपनी किताब में छापा है। अभी तक इसका किसी ने जवाब नहीं दिया है। अब मैं बोल रहा हूं, इसलिए कुछ कहेंगे, तो अलग बात है। यह बात सही है कि आज हमें ये उपदेश देते हैं, जरा ये भी अपने गिरेबान में झांक कर देखें। मैं इस बात को मानूंगा कि इसे हम राजनीति से परे रखें और इस इंस्टीट्यूशन का गौरव बनाए रखने की दिशा में प्रयत्न करें।

सभापति जी, हमने क्या किया है, वह मैं बताना चाहता हूं। आरबीआई की ताकत बढ़े, उसके लिए हमारी सरकार ने निर्णय किए हैं। हमने आरबीआई एक्ट में संशोधन कर के मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की स्थापना की है। कई वर्षों से इसकी चर्चा चल रही थी, लेकिन इसे कोई नहीं कर रहा था। हमने इसकी स्थापना की। इस समिति को मॉनिटरी संचालन की पूरी स्वायत्तता दी गई है। इस समिति के प्रमुख आरबीआई के गवर्नर हैं। आरबीआई के दो अधिकारियों के अलावा तीन विशेष इसके सदस्य हैं। इस समिति में केंद्र सरकार का एक भी सदस्य नहीं रखा गया है। मॉनिटरी पॉलिसी बहुत बड़ी बात होती है। इतनी बड़ी स्वायत्तता की कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है, लेकिन इस सरकार ने वह स्वायत्तता आरबीआई को दी है और उसके कारण आरबीआई की ताकत को बढ़ावा मिला है।

महोदय, यह बात सही है कि कई विषयों पर यहां चर्चाएं हुई हैं। कोई सरकार सोने के लिए तो नहीं आती है। पहले भी जो सरकारें आई थीं, उन्होंने भी कुछ न कुछ तो करने का प्रयास किया होगा। हम यह तो नहीं कहते कि उन्होंने कुछ किया ही नहीं। इस बारे में तो मैं लाल किले से बोला हूं। मैंने लाल किले की प्राचीर से बोला, वह हिन्दुस्तान के किसी और प्रधान मंत्री ने नहीं बोला। मैंने कहा है कि जब से देश आज़ाद हुआ, उसके बाद से जितनी भी सरकारें आईं, जितने भी प्रधान मंत्री आए, जितने लोगों ने काम किया है, उन सबका योगदान है, तब देश आज यहां पहुंचा है। हम ऐसे लोग नहीं हैं। हमारा नाम लेने से भी लोग कतराते हैं। उनको पसंद नहीं है कि किसी ने कोई काम किया है, तो उसका उल्लेख तक करें। इतिहास गवाह है। यह बात सही है कि इस सरकार ने गवर्नेंस के मुद्दे पर बहुत काम किया है। देखने में ये छोटे-छोटे निर्णय लगेंगे, लेकिन इन निर्णयों ने सामान्य मानवों की ताकत को बहुत बढ़ावा दिया है।

[श्री नरेंद्र मोदी]

महोदय, पहले अफेडेविट को अटेस्ट करने की प्रथा थी। एमपी के घर, एमएलए के घर, कॉरपोरेटर के घर लोग ठप्पा लगवाने के लिए आकर खड़े हो जाते थे, क्यू लग जाती थी। मैं देखता था कि कोई पियून बैठता या कोई साथी कार्यकर्ता बैठता था और वह ठप्पे मार देता था। हमने उसे समाप्त कर के सैल्फ-अटेस्टेशन की व्यवस्था कर दी और उसके कारण वे उस संकट से बच गए, क्योंकि जब उसकी फाइनल अपॉइंटमेंट होगी, तो वह अपनी ओरिजनल कॉपी लेकर जाएगा। आज तो जेरॉक्स का जमाना है। इस सबको करने की क्या जरूरत है। नॉन-गैजेटेड पोस्ट के लिए हमने इंटरव्यू खत्म कर दिए। अब टैक्नोलॉजी के द्वारा तय होगा और जो उसकी मेरिट होगी, उसके आधार पर उसे नौकरी मिलेगी। उसके कारण पहले जो करप्शन होता था, वह रूक गया है।

महोदय, हमने 1100 से अधिक कानूनों को खत्म किया है। इन्हीं दो सालों में खत्म किया है। सीनियर पोस्ट पर नियुक्ति के बारे में कई अखबारों ने आर्टिकल लिखे हैं कि पहली बार मेरिट के आधार पर अपॉइंटमेंट हो रही हैं। पुरानी प्रक्रिया और मेरा-तेरा, सब चला गया है और इस पर कई न्यूट्रल अखबारों ने बहुत अच्छे आर्टीकल भी लिखे हैं। डीबीटी, डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर के द्वारा लीकेजेज़ को रोका गया है। पहले यदि कोई कंपनी रजिस्टर करनी होती थी, तो सात-सात दिन, 15-15 दिन और दो-दो महीने लगते थे। आज 24 घंटे में कंपनी रजिस्टर हो सकती है, यह व्यवस्था की है। पहले पासपोर्ट बनवाने में महीनों लग जाते थे, लेकिन आज पासपोर्ट एक हफ्ते के भीतर देने की व्यवस्था की है। अब पोस्टल के जो हैड ऑफिसेस हैं, उन्हें भी पासपोर्ट ऑफिस में कन्वर्ट करने की दिशा में हम लोग काम कर रहे हैं और उसका भी लाभ सामान्य मानवों को मिलने वाला है और उस दिशा में हमारा प्रयास जारी है। हम यह भी जानते हैं कि कोयले की नीलामी कितना बड़ा विषय था। सरकार ने उसको आसानी से लागू कर दिया, पारदर्शिता को लाया। एक बड़ा महत्वपूर्ण निर्णय किया है, जिसकी चर्चा अभी काफी नहीं हुई है, लेकिन मैं इस सदन को बताना चाहता हूँ। सरकार की खरीद करने की जो परम्परा होती है, उसमें हम लोगों ने GeM को लांच किया है– Government e-Marketplace. इस व्यवस्था को वर्ल्ड बैंक के South Asia Procurement Innovation Award से भी सम्मानित किया गया है। अब उसमें दुनिया में जिसको भी सरकार को देना होगा, वे ऑनलाइन आते हैं, अपनी लिस्ट रखते हैं और सरकार उसमें से तय कर सकती है। आर्थिक लाभ भी हुआ है और यदि 5,000 रूपये से ज्यादा का पेमेंट करना हो तो इस GeM के माध्यम से कर सकते हैं। उस दिशा में हमने व्यवस्था की है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ गुड गवर्नेंस के माध्यम से, टेक्नोलॉजी के उपयोग के माध्यम से एक पारदर्शिता लाने की दिशा में हम बड़ी सफलता पाए हैं। इस सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए अनेक नयी योजनाएँ बनाई हैं। आप हर योजना में देखिए। 'उज्ज्वला योजना' हम जानते हैं कि गैस के सिलेंडर का क्या जमाना था। एमपीज़ को 25-25 कूपंस मिला करते थे और उन 25 कूपंस को लेने के लिए लोग कतार लगाते थे, वे भी दिन थे। 2014 के चुनाव में 9 सिलेंडर दें या 12 सिलेंडर दें, उसको मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ा गया था। इस सरकार की कार्यसंस्कृति में कितना फर्क है! गरीब महिलाओं को गैस का चूल्हा, ये सपने में कभी सोच नहीं सकती थीं, अब तक करीब-करीब 1 करोड़ 63 लाख से ज्यादा गरीब परिवारों को गैस के कनेक्शन दे दिए गए हैं। इसे 5 करोड़ परिवारों तक पहुँचाने का पूरा इरादा है। देश में 25 करोड़ गरीब परिवार

हैं, उनमें से 5 करोड़ गरीब परिवारों को इसे पहुँचाने का प्रयास है। 'प्रधान मंत्री आवास योजना' है। महिलाओं के नाम पर घरों के रजिस्ट्रेशन की कानूनन व्यवस्था की गई है। 'मनरेगा' में काम करने के लिए आज 55 प्रतिशत महिलाएँ हैं, जो पहले 40, 42 या 45 प्रतिशत हुआ करती थीं। 'मुद्रा योजना'—मुद्रा योजना में बैंक से पैसे दिए जाते हैं, without guarantee दिए जाते हैं। पैसे लेने में 70 प्रतिशत महिलाएँ हैं। यानी entrepreneur के रूप में हमारे देश की महिलाएँ इसके साथ जुड़ रही हैं। 'पंडित दीनदयाल अन्त्योदय योजना'— Self Help Group के काम दक्षिण भारत में कुछ मात्रा में चलते थे, लेकिन पूरे भारत में और Eastern India में उसको बढ़ावा देने की दिशा में भी हम लोगों ने काम करने का प्रयास किया है। पूरे हिन्दुस्तान में गरीब गर्भवती महिलाओं के लिए 6,000 रूपये प्रसूता में IMR-MMR के लिए, इस बात को लागू करने का काम हुआ है। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान को बहुत बड़ी मात्रा में स्वीकृति मिली है। वह एक सामाजिक आन्दोलन बना हुआ है। 'सुकन्या समृद्धि योजना'— बच्चियों के नाम पर एक करोड़ अकाउंट्स खुले हैं और 11,000 करोड़ रूपये जमा हुए हैं, जो इनको भविष्य के लिए एक सुरक्षा की गारंटी देते हैं। 'महिला शक्ति केंद्र'- 500 करोड़ की लागत से 14 लाख आंगनवाड़ी केंद्रों में इसकी स्थापना हुई है।

'मिशन इंद्रधनुष' — बच्चों का टीकाकरण नहीं होता था। सरकार चलाती थी, टीकाकरण के कार्यक्रम होते थे। 55 लाख बच्चे ऐसे ध्यान में आए, जिनका टीकाकरण नहीं हुआ था। 'मिशन इंद्रधनुष' के कारण उन बच्चों को खोजा गया और उनकी जिन्दगी बचाने की दिशा में काम किया गया।

ग्रामीण क्षेत्र में — यहां पर मैं हैरान था — स्वच्छता का मजाक उड़ाया जा रहा था। क्या कारण है, मैं समझ नहीं पा रहा हूँ। हम में से कोई नहीं है, जो गंदगी में रहना चाहता है। हम यह भी जानते हैं कि स्वच्छता behaviour का इश्यू ज्यादा है, infrastructure का तो उसके साथ आता है। मैं कहूँगा कि हम राजनेता कभी-कभी कम पड़ रहे हैं। मैं इस देश की मीडिया का अभिनन्दन करना चाहता हूँ कि स्वच्छता के आन्दोलन को उसने उठा दिया। आज सब मीडिया के द्वारा स्वच्छता के लिए ईनाम दिए जा रहे हैं, स्वच्छता के सम्बन्ध में आज हिन्दुस्तान भर में फंक्शंस आयोजित किए जा रहे हैं। वरना मीडिया सरकार के किसी भी कार्यक्रम की निगेटिव रिपोर्टिंग करे, वह बहुत स्वाभाविक है। यह कार्यक्रम एक ऐसा अपवाद है, जिसको सरकार से भी और राजनेताओं से भी दो कदम आगे मीडिया के लोग ले गए हैं और स्वच्छता को एक आन्दोलन बनाने की दिशा में प्रयास किया है। मैं इस सदन के माध्यम से उनका अभिनन्दन करता हूँ और यहां कोई खड़ा होकर कहता है कि टॉयलेट है, पानी नहीं है। महात्मा गांधी जी भी इस बात के लिए बड़े आग्रही थे। मुझे तो डर लगता है कि कहीं आज महात्मा गांधी होते और स्वच्छता की बात करते, तो क्या हम लोग यही भाषा बोलते? क्या यह हम लोगों की जिम्मेवारी नहीं है? क्या समाज में बदलाव लाने के लिए कोई सकारात्मक चीज कर ही नहीं सकते हैं? क्या हर चीज में हम विरोध करेंगे? मुझे खुशी है कि ग्रामीण क्षेत्र में sanitation coverage, जो पहले 42 परसेंट था, इस आंदोलन के बाद वह 60 परसेंट पहुंचा है। हम जब भी टॉयलेट की बात करते हैं, आप कल्पना कर सकते हैं गांव की महिलाओं या शहर में भी झुग्गी-झोंपड़ी में जो महिलाएं रहती हैं, उनको कितनी पीड़ा होती थी, जब तक अंधेरा नहीं होता, तब तक वे शौचालय नहीं जा सकती थीं। हमें गर्व होना चाहिए, यह 'तू-तू, मैं-मैं' का विषय नहीं है, लेकिन जब इसको लेकर कोई मज़ाक उड़ाते हैं, तो हमें बहुत पीड़ा होती है। यह मज़ाक का विषय नहीं हो सकता है।

[श्री नरेंद्र मोदी]

महिलाओं की सुरक्षा के लिए Universalisation of Women Helpline 181, 24 घंटे इमरजेंसी सेवा को शुरू किया गया। 18 स्टेट्स एण्ड यूटीज़, इन्होंने इस महिला हेल्पलाइन व्यवस्था को आगे बढ़ाया है। महिलाओं की पुलिस में भर्ती 33 परसेंट और कुछ राज्यों ने भी स्वीकार किया है, यूटीज़ के अंदर यह compulsory कर दिया गया है। हरियाणा ने एक नया प्रयोग किया है, जिसको हिन्दुस्तान में और लोग करें, मैंने सबके सामने इसका प्रेजेंटेशन किया है। उन्होंने महिला पुलिस वॉलंटियर्स का एक नेटवर्क खड़ा किया है, जो इस प्रकार से लोगों को मदद करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने एक नई स्कीम शुरू की है। मेरे कहने का तात्पर्य यह है... एक पैनिक बटन की टेक्नोलॉजी का उपयोग हम आने वाले कुछ दिनों में आपके सामने लेकर आने वाले हैं।

किसानों के सशक्तिकरण के लिए इस सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं, जिसके कारण.... अब सबसे बड़ी बात, 'प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना', हमें पसंद आए या न आए, लेकिन किसान को सुरक्षा देनी है, तो हमें उसको उसकी इन्कम के assurance के साथ जोड़ना पड़ेगा। हमारे यहां इरिगेशन की सुविधा बहुत कम है, प्राकृतिक संसाधनों पर ही वह डिपेंडेंट है। ऐसी स्थिति में अगर वह बो नहीं सकता है तो भी, और कटाई के बाद भी अगर बरबाद होता है तो भी, अगर इंश्योरेंस मिलता है और मुझे खुशी है कि कुछ प्रोग्रेसिव राज्यों ने 40-40, 50-50 प्रतिशत किसानों का इंश्योरेंस का काम किया है और सरकार ने भी करीब-करीब किसानों के लिए बहुत बड़ी मात्रा में इस 'फसल बीमा योजना' को प्रोत्साहन देने के लिए काम किया है। इसमें पहले की तुलना में काफी बढ़ोतरी हुई है, लेकिन कुछ राज्य इसमें बहुत पीछे हैं, यह चिंता का विषय है। इसको आगे बढ़ाना है। नई फर्टिलाइजर पॉलिसी ...(**व्यवधान**)...

श्री शरद यादवः सभापति महोदय, मुझे एक मिनट का समय दिया जाए।

श्री नरेंद्र मोदीः बाद में करते हैं, सर जी, एक बार हो जाए। आपको तो मैं जिन्दगी भर सुनूंगा, आप बैठिए न।

नई फर्टिलाइजर पॉलिसी, यूरिया का उत्पादन, देखिए नीम कोटिंग, नीम कोटिंग के कारण दो महत्वपूर्ण लाभ हुए हैं, एक तो जमीन को फायदा हो ही रहा है, उत्पादन भी बढ़ रहा है, लेकिन पहले किसान के नाम से सब्सिडी कटती थी, बिल किसान के नाम से फटता था, लेकिन वह केमिकल इंडस्ट्री में raw material के रूप में चला जाता था। जो सिंथेटिक मिल्क बनाते थे, वे भी यूरिया का उपयोग करते थे। 100 परसेंट नीम कोटिंग करने के कारण जमीन के सिवाय उसका कहीं उपयोग संभव ही नहीं रहा है। इससे चोरी रूक गई है, आज यूरिया की ब्लेकमेलिंग नहीं हो रही है। यूरिया नहीं मिल रहा है, ऐसी किसी चीफ मिनिस्टर की चिट्ठी नहीं आती है, यूरिया के लिए कतार नहीं लगती है, यूरिया के लिए किसी को परेशानी नहीं हो रही है। छोटे से परिवर्तन भी कितना बड़ा बदलाव ला सकते हैं, वह आप देख सकते हैं।

हमारे देश में दाल का उत्पादन, पल्सेज़, इस सरकार ने उसको प्रमोट करने की दिशा में प्रयास किया है और उसका परिणाम यह है कि आज करीब-करीब 50 से 60 प्रतिशत वृद्धि की संभावना इस बार पैदा हुई है। हमारे देश के किसानों ने सरकार के आह्वान को स्वीकार किया और सारे रिकॉर्ड तोड़ करके इस काम को उन्होंने किया है।

e-NAM, electronic market, 500 मंडियों में, अब किसान जहां भी ज्यादा दाम पर माल बिक सकता है, वह इस टेक्नोलॉजी के माध्यम से बेच सकता है। 500 मंडियों में मोबाइल फोन के द्वारा आज मेरा किसान अपना व्यापार कर सके, ऐसी स्थिति बनी है। करीब 250 मंडियों ने इस काम को पूरा कर दिया है। राज्यों को कुछ कानून बदलने थे, कुछ राज्यों ने कानून बदले हैं, लेकिन हम फूड प्रोसेसिंग जानते हैं, हमारे किसान को लाभ तब होगा, जब हम फूड प्रोसेसिंग पर बल देंगे। सरकार ने 100 परसेंट एफ.डी.आई. एलाउ की है ताकि फूड प्रोसेसिंग को मदद मिले और value addition हो, हमारे किसानों को ज्यादा इन्कम हो और उस दिशा में काम करने का हम प्रयास कर रहे हैं।

आदिवासियों का सशक्तीकरण – करीब 2800 ब्लॉक्स का कहीं न कहीं आदिवासियों के साथ संबंध रहता है। हमने पहली बार एक ट्राइबल सब-प्लान बनाकर राशि तो बढ़ा दी, लेकिन वनबंधु कल्याण योजना के तहत एक comprehensive plan बनाया, ताकि उसका outcome दिखाई दे। उस दिशा में काम करने का हमने सफल प्रयास किया है। Forest Rights Act को मजबूती से लागू करने की दिशा में हमने काम किया है और tribal areas में पहली बार, क्योंकि हमारे देश में जितने भी मिनरल्स हैं, माइनिंग हैं, वे ज्यादातर tribal बैल्ट में हैं, चाहे कोयला हो, आयरन हो या कुछ और हो, लेकिन वहां उन्हें लाभ नहीं मिलता था। पहली बार सरकार ने District Mineral Foundation बनाया और वहां खदानों से जो कुछ निकलता है, उस पर टैक्स लगाया। मुझे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री जी कह रहे थे कि उनके 7 जिले ऐसे हैं, वहां जो खनिज निकलता है, हमारे District Mineral Foundation बनाने के कारण, उन जिलों के विकास के लिए, उन्हें अब extra budget की कभी ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इतनी बड़ी मात्रा में राशि उन गरीब आदिवासियों के काम आने वाली है, जिसका हमने इंतजाम किया है। हमने जो Rurban Mission चलाया है, उसका सबसे बड़ा लाभ आदिवासी क्षेत्रों में होने की संभावना है। आदिवासी इलाके में बड़ा Marketing place develop होना चाहिए। यदि Marketing place develop होता है तो वहां एजुकेशन सिस्टम आता है, medical facilities आती हैं, दूसरी entertainment की सुविधाएं, मार्केट की सुविधाएं आदि आती हैं। धीरे-धीरे अगल-बगल के पचासों गांवों और पूरे इलाके का वह केंद्र बन जाता है। Rurban के द्वारा tribal belt में 300 ऐसे नए शहर बनाने की दिशा में हम काम कर रहे हैं और यह आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए बहुत बड़ा काम होगा। ...(**व्यवधान**)...

इसी प्रकार, जैसा मैंने प्रारम्भ में कहा, स्वच्छता देश में एक जन-आन्दोलन बनना चाहिए और जन-आन्दोलन बनाने की दिशा में हम सबका कोई-न-कोई योगदान होना चाहिए। जब से हमने स्वच्छता के लिए independent agencies के द्वारा प्रचार करना शुरू किया है, उससे शहरों के बीच में स्पर्धा शुरू हुई है। एक शहर अगर आगे गया, तो दूसरा शहर उस शहर से कम्पीट करने लगता है कि देखो, वह शहर तो आगे चला गया, हम क्यों सफाई नहीं कर रहे हैं? धीरे-धीरे यह सोच नीचे तक जाने लगी है। हम लोगों को इस पर बल देना चाहिए। मैं चाहूंगा कि हमारे देश में जितनी political parties हैं, सभी political parties को कहीं-न-कहीं सरकार चलाने का इन दिनों अवसर मिला है, कोई नगर पालिका में होंगे, कोई जिला पंचायत में होंगे, कोई राज्य में होंगे। अपनी पार्टी की सरकारों में जहां आपको सेवा करने का अवसर मिला है, आप उनमें भी तो competition चलाइए। Communist-ruled जितने शहर हैं, उनके बीच स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा कीजिए, Communist-ruled जितनी District Panchayats हैं, उनके बीच स्वच्छता की प्रतिस्पर्धा

[श्री नरेंद्र मोदी]

कीजिए। इससे एक वातावरण बनेगा। बीजेपी ruled जितनी स्टेट्स होंगी, वहां की नगर पालिकाएं कम्पीटीशन करें। एक बार ऐसे कम्पीटीशन को हम आगे बढ़ाएंगे, तो मैं समझता हूं कि हमारा स्वच्छता अभियान सफल होगा। यह सरकारी कार्यक्रम नहीं है, यह जन-आन्दोलन बनना चाहिए। यह युग की आवश्यकता है, behavioral change की आवश्यकता है। हम जानते हैं और World Bank का record कहता है कि अस्वच्छता के कारण, हैल्थ सुविधाएं देने के कारण हमारे ऊपर करीब ढाई लाख करोड़ रूपए का बोझ पड़ता है। अगर हम केयर करें तो देश की इतनी बड़ी राशि बचा सकते हैं। यह World Bank का रिकॉर्ड है, हिन्दुस्तान के संबंध में। एक गरीब आदमी पर एक साल में करीब 7000 रूपया खर्च आता है और गंदगी से बीमारियां आना बहुत स्वाभाविक है। हम इसे बचा सकते हैं।

बच्चों को हाथ धोकर खाना खाना चाहिए, इसे हर कोई मानता है, लेकिन जब हम ऐसा कहें तो कोई कहेगा कि वहां पानी नहीं है, वहां नल नहीं है, वहां यह नहीं है, वह नहीं है। बच्चा किसी कुएं पर जाएगा तो कहेंगे कि ऐसे हाथ नहीं धोते हैं। यह जो सोच है, इसी सोच ने देश को यहीं दबोच कर रखा हुआ है। आप कुछ सोचें तो सही, कुछ निकले तो सही। कठिनाइयां आयेंगी तो रास्ते भी निकलेंगे लेकिन हम घर में बैठकर अपने बच्चों को समझाने की बजाए कहें कि वहां यह नहीं है, वह नहीं है – ऐसे देश बदलता नहीं है। ऐसी मानसिकता से हम देश का बहुत नुकसान कर रहे हैं। इस मानसिकता से हमें बाहर आना चाहिए। दुनिया में हम अपने पड़ोस के देशों को देखें। चाहे हम साउथ कोरिया को देखें, मलेशिया को देखें, थाइलैंड को देखें या सिंगापुर को देखें, वे छोटे-छोटे देश हैं, उन्होंने स्वच्छता के लिए 15-15 साल लगा दिए और आज वे हम लोगों के लिए एक मॉडल के रूप में नज़र आते हैं। हम हिन्दुस्तान में वैसा क्यों नहीं कर सकते हैं? हमारा भी तो सपना होना चाहिए कि अगर छोटे-छोटे देश इसमें सफल हो सकते हैं, तो हम क्यों नहीं हो सकते हैं और हमें उस दिशा में प्रयास करना चाहिए। लेकिन कभी-कभी ऐसा लगता है, जिस प्रकार का वातावरण बना है, किसी शायर ने कहा है–

"शहर तुम्हारा, क़ातिल तुम, शाही तुम, हाकिम तुम,
मुझे यकीन है कि मेरा ही कसूर निकलेगा।"

लेकिन मैं मानता हूँ कि उसमें से हम ज़रा बाहर आएँ। मैं एक और विषय कहकर अपनी बात को समाप्त करना चाहूँगा। "एक भारत, श्रेष्ठ भारत", इस काम को हमने 31 अक्तूबर को सरदार पटेल की जयंती पर लांच किया है। हमारे देश में दुनिया के किसी राज्य के साथ सिस्टर स्टेट बनना, सिस्टर सिटी बनना, यह तो कई वर्षों से चल रहा है, लेकिन हमारी अपने ही देश के अलग-अलग लोगों से मिलने की आदत नहीं बनी। हमने इस प्रकार से कर दिया, जिसके कारण कई राज्यों को लगने लगा कि हमारी उपेक्षा हो रही है। हमें अपने देश के पोटेंशियल को पकड़ना चाहिए। हमने "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" कार्यक्रम के तहत इसके लिए कोशिश की है और मैं चाहूँगा कि इस सदन में जो लोग हैं, वे इसको समझने में और इसको आगे बढ़ाने में मदद करें। जैसे, दो राज्यों के बीच में एमओयू करते हैं। अभी 12 राज्यों ने शायद एक-दूसरे के साथ यह कर लिया है, जैसे हरियाणा और तेलंगाना ने किया है। हरियाणा में तेलुगु भाषा के 100 सेंटेंसेज़ हरियाणा के लोग बोलना सीखें, जैसे– हॉस्पिटल कहां है, रिक्शा कहां मिलेगा, होटल कहां है, बस स्टेशन कहां हैं, पुलिस थाना कहां है आदि। यह उनको सीखने को मिलेगा और तेलंगाना के

